

पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12




पीएनजी का तेजी से नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12



ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा, स्पष्ट समयसीमा बताने से इन्कार - 13



पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधु - 14



आज का मौसम 35.0° अधिकतम तापमान 20.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.14 सूर्यास्त 06.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 207, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


## दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत



नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

### पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई | इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

---

**ब्रीफ न्यूज**

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

**नई दिल्ली।** विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम : दिल्ली में 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 16 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

## ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

### ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

● यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

## यूपी में सुरक्षा से विकास तक अब नया मॉडल: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● योगी ने किया 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन

● कहा, प्रदेश में अब न भय न तनाव, न ही दंगों का खतरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने इस परिवर्तन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सरकार की नीतियों, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा था, लेकिन अब न भय है, न अराजकता और न दंगों का खतरा। नवरात्रि और रमजान जैसे पर्व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। सरकार ने 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक नौकरियां दीं, जिनमें 2.19 लाख पुलिस भर्तियां शामिल हैं। पुलिस सुधार के तहत प्रशिक्षण क्षमता बढ़ी, कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुई और हर जिले में साइबर थाने बने। योगी ने कहा कि प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरा है।

सात शहरों में मेट्रो, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट इसकी पहचान हैं। राज्य में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और जेवर देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। निवेश के क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश ग्राउंडिंग हो चुकी है, जबकि जापान, सिंगापुर और जर्मनी के निवेशक भी उत्साहित हैं। कृषि विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई, गन्ना किसानों को 3.16 लाख करोड़ का भुगतान हुआ और सिंचाई का विस्तार हुआ। महिला सशक्तीकरण में 1.75 लाख से अधिक बेटियों को नौकरी मिली, जबकि 1.10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक ने भी उपलब्धियां गिनाई और पुस्तक के विमोचन में हिस्सा लिया।

### संवाद से जन-जन तक पहुंचेगा '9 वर्ष' का विजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम बसंत नवरात्रि से शुरू होगा। इसमें युवा, किसान, महिलाएं व समाज के सभी वर्ग सहभागी बनेंगे। संवाद के जरिए जहां 9 वर्षों की उपलब्धियां साझा होंगी, वहीं आगे के विकास का विजन भी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, 9 पूर्णता का प्रतीक है और यह अभियान उसी दिशा में एक अहम कदम है।

## चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

● 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

## अगले सप्ताह शनिवार-रविवार को भी होगी संसद की बैठक

**नई दिल्ली।** संसद में इस सप्ताह बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को भी दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी।

● बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण लिया गया निर्णय

लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों को सूचित किया कि बृहस्पतिवार, 19 मार्च और शुक्रवार 20 मार्च के लिए निर्धारित सदन की बैठकें रद्द कर दी गई हैं। उनके स्थान पर शनिवार 28 मार्च और रविवार 29 मार्च को बैठकें होंगी जिनमें प्रश्नकाल नहीं होगा। बृहस्पतिवार को उगादी उत्सव मनाया जाएगा, वहीं शुक्रवार को ईद-उल-फितर का अवकाश रहेगा। राज्यसभा में इस बाबत घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

## उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

● ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

## होर्मुज संकट पर मोदी ने की कुवैत के युवराज से बात

नई दिल्ली, एजेंसी

● कहा- सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना भारत की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई। मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

## सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाएं दुनिया भर में बाधित

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को बुधवार को बड़ी तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण भारत सहित बड़े पैमाने पर दुनिया भर के यूजर्स के लिए इसकी सेवाएं बाधित हो गईं।

सेवाओं के बाधित होने पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार भारत में रात आठ बजे इस मंच के काम न करने की खबरें आईं। मोबाइल एप और कंप्यूटर वेबसाइट दोनों में समस्या आई। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों के यूजर्स ने टाइम लाइन को अपडेट करने, उत्तर देखने और नए संदेश साझा करने में दिक्कतें झेलीं।

**कैबिनेट के फैसले** | सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

## देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को



गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।

### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ' 'लघु जल विद्युत विकास योजना' ' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

# डीजीपी के लिए चार अफसरों के नामों का पैनल भेजा यूपीएससी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बीते चार वर्षों से कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के सहारे चल रहे यूपी को जल्द ही पूर्णकालिक डीजीपी मिल सकता है। इसके लिए सरकार ने चार वरिष्ठ आईपीएस अफसरों का पैनल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेज दिया है।

पैनल में वरिष्ठता के आधार पर पुलिस अफसरों के नाम शामिल किए गए हैं। मौजूदा समय में प्रदेश की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वर्ष 1990 बैच की रेणुका मिश्रा का नाम सबसे ऊपर है। उसके बाद दूसरे नंबर पर 1991 बैच के आलोक शर्मा, जबकि तीसरे नंबर पर पीयूष आनंद का नाम है। चौथे नंबर पर कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण का नाम शामिल किया गया है।

### राजीव कृष्ण के नाम पर मुहर लगना तय



विभागीय सूत्रों का दावा है कि यूपीएससी इन चार नामों में से तीन नामों का पैनल तैयार करेगा। उसके बाद पैनल को राज्य सरकार के पास भेज देगा। पैनल की सबसे वरिष्ठ अधिकारी रेणुका मिश्रा जब 2024 में पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष थीं। उस समय सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। उसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पुलिस सेवा से वीआरएस के लिए आवेदन किया है, जो कि अभी विचाराधीन हैं। पैनल में दूसरे नंबर वाले आलोक शर्मा इसी साल जून में रिटायर हो रहे हैं, जबकि डीजीपी के लिए छह माह तक का कार्यकाल होना जरूरी है। तीसरे नंबर वाले पीयूष आनंद केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। ऐसे में पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में राजीव कृष्ण के नाम पर ही मुहर लगना तय माना जा रहा है।

# निवेश व नवाचार का उभरता केंद्र बना यूपी : उच्चायुक्त कनाडा


## मुख्यमंत्री योगी से कनाडा के उच्चायुक्त की मुलाकात, यूपी में निवेश व टेक्नोलॉजी सहयोग पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रीन एनर्जी, एआई, डिफेंस व शिक्षा क्षेत्र में सहयोग की कनाडाई पक्ष ने दिखाई रुचि

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने बुधवार को भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश को एक उभरते निवेश और नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया।

उच्चायुक्त ने प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, नीतिगत सुधार और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। भेंट के दौरान उच्चायुक्त ने ग्रीन एनर्जी, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। उच्चायुक्त ने कहा कि कनाडाई कंपनियां उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए सक्रिय रूप से अवसरों का आकलन कर रही हैं।



कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

### कनाडा की कंपनियों को किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी ने राज्य में उपलब्ध निवेश-अनुकूल वातावरण, औद्योगिक विकास और नीतिगत सुधारों का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए कनाडा की कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। कहा कि कनाडा के साथ तकनीक, कौशल और नवाचार आधारित सहयोग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हर संभव संस्थागत समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने निवेश, तकनीकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

# प्रदेश में अब विश्वास की सरकार : योगी

## 2017 से पहले भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण का था दौर, डबल इंजन सरकार ने यूपी को 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' में बदला



लोक भवन में 'उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष' पर वार्षिक पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास और विश्वास का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और वसूली तंत्र हावी था, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता था।

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश को पीछे धकेला, जबकि वर्तमान सरकार ने 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचाया। आज 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा रहे हैं और वंचित समुदायों मुसहर, वनटांगिया, थारू, सहरिया तक पहली बार योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि यूपी अब 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' की छवि से निकलकर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में बढ़ चुका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 6 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी हुए, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हुआ और इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार ने समस्याओं की पहचान कर उन्हें खत्म किया और प्रदेश को ठहराव से निकालकर तेजी की राह पर लाया। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### गुंडाराज-परिवारवाद की राजनीति नहीं चलेगी : चौधरी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्षों में यूपी ने 'माफियाराज' से 'विकास मॉडल' तक का सफर तय किया है। जनता ने 2017 और 2022 में विकास पर भरोसा जताया और 2027 में भाजपा हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के कारण यूपी देश का ग्रोथ इंजन बना है। एक्सप्रेसवे, बिजली आपूर्ति और किसानों के भुगतान में रिकॉर्ड सुधार हुआ है। जनता अब गुंडाराज और परिवारवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

### बदली यूपी की पहचान : पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में यूपी की पहचान पूरी तरह बदल गई है। पहले जहां गुंडाराज और खराब सड़कें थीं, वहीं आज बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और कानून-व्यवस्था है। शिक्षा में नकलविहीन परीक्षा और स्कूलों में सुधार हुआ है, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि यूपी अब विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है और इसे आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा।

### 2027 के चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेगी : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्ष सुशासन और विकास की मिसाल हैं। 2017 से पहले कानून-व्यवस्था बदहाल थी और निवेशक आने से कतराते थे, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हुई है और किसानों को 99 हजार करोड़ रुपये सीधे खातों में मिले हैं। जनता अब विकास की राजनीति को समझ चुकी है और 2027 में भाजपा पहले से बड़ी जीत दर्ज करेगी।

# हर घर जल योजना को लेकर सरकार ने किया एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र और प्रदेश सरकार के बीच एमओयू से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का नया चरण
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में वर्चुअली हुआ समझौता

**अमृत विचारः** प्रदेश में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र और उप्र. सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से यह समझौता हुआ, जिससे मिशन के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत हो गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को अब और तेजी और मजबूती से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब केवल कनेक्शन देने तक सीमित न रहकर योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन, रखरखाव और गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम बेहतर होंगे।

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 में गुणवत्ता और स्थायित्व सबसे अहम होंगे।

# फार्मर आईडी बनाने में रामपुर अव्वल

- गाजियाबाद जिला दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किसानों को योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर आईडी अभियान में रामपुर ने सबसे आगे निकलते हुए नया कीर्तिमान बनाया है। रामपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है जिसने तय समय सीमा से पहले ही 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया। गाजियाबाद दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 1 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत 31 मार्च उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकीं हैं। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नव संवत्सर, नवरात्र और चेटी चंद पर्व की योगी ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र और चेटी चंद के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि ये पर्व प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव संवत्सर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो नवचेतना और नवसंकल्प का संदेश देता है। वहीं चैत्र नवरात्रि को आदिशक्ति की उपासना का विशेष काल बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने चेटी चंद के अवसर पर विशेष रूप से सिंधी समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भगवान झूलेलाल जी की जयंती के रूप में आस्था, समरसता और एकता का प्रतीक है।

### 1.67 करोड़ से होगा श्री जम्भेश्वर मंदिर का पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद स्थित लोदीपुर धाम के कायाकल्प को गति मिल गई है। यहां स्थित करीब 200 वर्ष पुराने श्री जम्भेश्वर मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण पर 1.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में सत्संग भवन, यज्ञशाला, विश्राम गृह, रसोई, आधुनिक शौचालय, भव्य प्रवेश द्वार और ढका हुआ परिक्रमा मार्ग विकसित किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यह स्थल प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लोदीपुर धाम का विकास प्रदेश की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत आध्यात्मिक और कम प्रसिद्ध स्थलों को नई पहचान दी जा रही है।

### उत्तर भारत दर्शन परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर भारत दर्शन परिषद का 40वां राष्ट्रीय अधिवेशन 19 मार्च से चित्रकूट में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश-विदेश के विद्वान भारतीय दर्शन के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे। यह अधिवेशन 21 मार्च तक चलेगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान भी इसमें सहभागिता कर रहा है। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'वैश्विक शांति : चुनौतियां और समाधान' रखा गया है।

### आंदोलन के साथ ही पर्वों पर बिजली सुचारू रखेंगे कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से निजीकरण के विरोध में प्रदेश स्तर पर आंदोलन तो जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए गुरुवार को शुरू होने जा रहे नवरात्र और ईद के पर्व को देखते हुए बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 19 मार्च से 27 मार्च तक निजीकरण के विरोध में आंदोलन चल रहा है। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु रखा जाए। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ समेत प्रदेश भर की सदर तहसील परिसरों संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने निजीकरण के विरोध में धरना दिया गया।

# नवरात्र और ईद एक साथ पड़ने से पुलिस के लिए बढ़ी चुनौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ड्रोन से होगी निगरानी, जिलों में लागू होगी सेक्टर स्कीम

**अमृत विचारः** होली और रमजान एक साथ पड़ने के बाद अब नवरात्र और ईद-उल-फितर का पर्व भी एक साथ पड़ रहे हैं। इसे लेकर जहां पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। प्रदेश भर में में सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के साथ ही सेक्टर स्कीम लागू कर दी गई है, वहीं ड्रोन से निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं।

गुरुवार से हिन्दुओं के लिए विशेष आस्था के पर्व चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। उधर, चांद दिखाई देने के हिसाब से ईद उल फितर का पर्व 20 या 21 मार्च को हो सकता है। दोनों ही समुदायों का अहम पर्व है तो पुलिस खासी चौकन्नी हैं। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, इसे लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण की ओर से प्रदेश भर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खास कर प्रदेश के ऐसे जिले, जहां पर मिली-जुली आबादी है और अति संवेदनशील जिले हैं, वहां पर फोर्स और खुफिया टीमों को अतिरिक्त सुरक्षा बरतने की हिदायत दी गई है। धार्मिक स्थलों पर फोर्स तैनात रहे, वहीं संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाए।

पुलिस द्वारा प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, बहराइच, आजमगढ़, कानपुर, बरेली, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली समेत 26 जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। इन जिलों में पैरा मिलिट्री की कंपनियों को भी उतारा गया है। साथ ही ड्रोन निगरानी करने को कहा है। आला अफसरों ने साफ कहा कि किसी भी नई परिपाटी को शुरू नहीं करने दिया जाए। जिन लोगों को अतीत में पर्व के मौकों पर उत्तेजनापूर्ण रवैया रहा है, उन पर कड़ी नजर रखी जाए। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों को भारी धनराशि पाबंद भी किया जाए।

# सफलता डिग्री से नहीं कौशल से मिलती है : कपिल

## वृहद रोजगार मेला में 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' तीन नए प्लेटफॉर्म लांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने राजधानी में 'वृहद रोजगार मेला-2026' की शुरुआत की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मेले में युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता से मिलती है।

कौशल विकास को डिजिटल बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' जैसे तीन नए प्लेटफॉर्म लांच किए। 'कौशल दृष्टि' के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्रों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। 'कौशल दर्पण' एआई आधारित डैशबोर्ड के रूप में विभिन्न आंकड़ों को एकीकृत करेगा, जबकि 'कौशल दोस्त' चैटबॉट के जरिए 24×7 सहायता उपलब्ध कराएगा।

**15 हजार पद लेकर मेले में आई हैं 116 कंपनियां :** इस मेले में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, जहां 116 कंपनियों ने करीब 15,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की। रोजगार मेले में 8,694 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 2,527 युवाओं को जॉब ऑफर मिला।




लखनऊ : रोजगार मेले में नौकरी पाने वाले युवाओं के साथ कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

परियोजना | लागत घटेगी और निर्यात बढ़ेगा, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़त का लक्ष्य

# वन-स्टॉप टेक्सटाइल इकोसिस्टम की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार लखनऊ में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क को सिर्फ एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि 'वन-स्टॉप टेक्सटाइल इकोसिस्टम' के रूप में तैयार कर रही है। इस मॉडल का लक्ष्य उत्पादन लागत कम करना, सप्लाई चेन को तेज बनाना और निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है, जिससे प्रदेश टेक्सटाइल सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर पर नई बढ़त हासिल कर सके।

करीब 1000 एकड़ में विकसित हो रहे इस पार्क में 'फार्म टू फैशन' की पूरी वैल्यू चेन एक ही स्थान पर स्थापित की जा रही है। इससे कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की प्रक्रिया में समय और लागत दोनों में कमी आएगी। सरकार का मानना है कि बिखरी हुई इकाइयों के बजाय एकीकृत मॉडल से उद्योगों की दक्षता बढ़ेगी और लॉजिस्टिक्स खर्च घटेगा। पार्क में कोर और बाहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 990.71 करोड़ रुपये के कार्य तेजी से चल रहे हैं। सड़क, बिजली, जलापूर्ति और लॉजिस्टिक्स को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि निवेशकों को रेडी-टू-यूज औद्योगिक माहौल मिल सके।

यह परियोजना रोजगार के लिहाज से भी बड़ा बदलाव ला सकती है। अनुमान है कि एक पीएम मित्र पार्क में करीब 3 लाख तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर अवसर मिलेंगे और पलायन में कमी आएगी। निवेश के मोर्चे पर भी परियोजना तेजी से आकर्षण का केंद्र बन रही है। देशभर के सात पीएम मित्र पार्कों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश रुचि सामने आ चुकी है, जिसमें लखनऊ का प्रोजेक्ट प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सरकार का फोकस केवल उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि निर्यात-उन्मुख टेक्सटाइल क्लस्टर तैयार करना है।

### पीएम मित्र पार्क की विशेषता

- लखनऊ में 1000 एकड़ में विकसित हो रहा मेगा पार्क
- 990.71 करोड़ से इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य प्रगति पर
- 'फार्म टू फैशन' एकीकृत टेक्सटाइल वैल्यू चेन
- उत्पादन लागत कम, लॉजिस्टिक्स तेज
- हर पार्क में 3 लाख तक रोजगार की संभावना
- 63 हजार करोड़ से अधिक निवेश रुचि
- निर्यात बढ़ाने और ग्लोबल प्रतिस्पर्धा पर फोकस



# दो लाख प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं ने चालू नहीं कराए प्रीपेड कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोशन ने की छापेमारी 18 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचारः** प्रदेश भर के 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने मीटर रिचार्ज नहीं कराकर अपना कनेक्शन चालू नहीं कराए हैं। पावर कारपोरेशन ने प्रदेश भर के ऐसे उपभोक्ताओं के यहां छापेमारी करने के आदेश दिए हैं। इसके तहत बुधवार को 1211 उपभोक्ताओं के यहां पर छापे मारे गए, जिनमें से 18 के घरों में चोरी से बिजली सप्लाई पाई गई। इनके खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है।

प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कटने के बाद बगैर रिचार्ज कराए अवैध रूप से बिजली का उपभोग करना दंडनीय अपराध है। बकाये पर कटे कनेक्शन का भुगतान प्राप्त होने पर दो घंटे के भीतर जोड़े जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज कराते ही रीकनेक्शन कमांड जारी हो जाती है। चूंकि कमांड कई सारे सिस्टम से गुजरती है, इसलिए इसमें दो घंटे तक का समय लग सकता है। हालांकि 90 प्रतिशत से अधिक केस में भुगतान प्राप्त होने के कुछ मिनटों में ही कनेक्शन जुड़ जाते हैं।

### बैलेंस खत्म होने के बाद तीन दिन चलता है कनेक्शन


प्रवक्ता के मुताबिक कनेक्शन एकाएक नहीं कटता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को माह के आरम्भ में एवं उसके द्वारा रिचार्ज की गई धनराशि का क्रमश : 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य होने पर प्रत्येक बार एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाता है। बैलेंस समाप्त होने के उपरांत भी तीन दिन का समय दिया जाता है। उसके बाद भी यदि रिचार्ज नहीं होता तो स्वत : ही कनेक्शन कट जाता है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 27 मार्च को खत्म होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर होगा, जो संघर्ष और सामाजिक अस्थिरता का संकेत माना जाता है। वहीं माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जो अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली का सूचक है। नवरात्र पूरे नौ दिनों के होंगे। इस बार चैत्र नवरात्र एक खास संयोग लेकर आ रहा है। लगभग 72 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब अमावस्या और नवरात्र की शुरुआत एक साथ होगी। 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री ह्रीं शिवाय नमः**

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने कंपनी को लगाया 'चूना'

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- न्यायालय के आदेश पर मैनेजर ने कर्मचारी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट, मामले की जांच शुरू

**अमृत विचार।** फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने लोन धारक से रुपये वसूल कंपनी में नहीं जमा कराए।मामले में आरोपी कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।।

एल एण्ड टी फाइनेंस लिमिटेड कंपनी कन्नौज के प्राधिकृत अधिकारी एरिया कलेक्शन मैनेजर हिमांशू मिश्रा पुत्र प्रेमनरायन मिश्रा ने सदर कोतवाली में कंपनी के एफएलसी के पद पर कार्यरत आदित्य दुबे पुत्र प्रदीप कुमार दुबे निवासी रामकृष्ण नगर गुरसहायगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि कंपनी की ओर से वाहनों की खरीद पर फाइनेंस किया जाता है। कई वाहन के स्वामियों के फाइनेंस किये गये। ऋण की प्रति माह किस्त वसूल की जाती है। लोन एग्रीमेंट की शर्तों के तहत उस रकम की प्राप्ति रसीद ग्राहक को देने व उक्त रकम को 48 घंटे के अंदर कंपनी के बैंक खाते में जमा कर उसकी रसीद को उच्च अधिकारियों को भेजने का कार्य करते थे। आरोपी ने ऋण का पैसा वसूल कर उनको रसीद दी लेकिन किस्तों का पैसा कंपनी में नहीं जमा किया। आदित्य दुबे ने 08 ग्राहकों से करीब 5,66404 रुपये की बसूली की। कई अन्य ग्राहकों को फर्जी रसीद दे कर रुपये वसूल किये गये। रुपये जमा करने को कहा गया तो फर्जी मुकदमें में फसाने की धमकी दी। थाना कोतवाली व एसपी से शिकायत करने पर जब रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो उन्होंने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सड़क दुर्घटना में दो भाई घायल, एक गंभीर

**छिबरामऊ,कन्नौज।** दिल्ली से बाइक द्वारा अपने घर हरदोई जा रहे दो सगे भाइयों को एक अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

हरदोई जिले के ग्राम मिडउआ निवासी आशीष और पुष्पेंद्र दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में सिलाई का काम करते हैं। पुष्पेंद्र ने बताया कि वे दोनों अपनी बहन वंदना की शादी फाइनल करने के लिए दिल्ली से बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। बुधवार सुबह लगभग 5:00 बजे जैसे ही वे मां भगवती फ्लोर मिल (प्रेमपुर) के पास पहुंचे पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुँचाया। आशीष की गंभीर स्थिति को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

## आज से नवरात्र, दोपहर 12 .25 बजे तक करें कलश स्थापना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



मकरंदनगर में दुकान पर सजीं देवी प्रतिमाएं, पूजन सामग्री की खरीदारी करती महिला।

- हिंदू नव वर्ष 2083 की भी होगी शुरुआत, मंदिरों में दिन भर साज सज्जा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र का शुभारंभ आज से हो रहा है। इसके साथ ही हिंदू नववर्ष 2083 भी शुरू होगा। इसे वर्ष प्रतिपदा के नाम से मनाया जाता है। नवरात्र प्रारंभ होने के चलते जिले भर में पूरे नौ दिन देवी भक्ति की बयार बहेगी। इस पर्व को लेकर दिन भर देवी मंदिरों में साज सज्जा का काम किया जाता रहा। इसके साथ ही बाजार में सजी अस्थायी दुकानों पर मूर्तियों के अलावा पूजन सामग्री की भी बिक्री की जाती रही।

इस बार गुरुवार से चैत्र यानी वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ हो रहा है। खास बात यह है कि इस बार उदया तिथि में अमावस्या होने से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का क्षय है। यह बात अलग है कि सूर्योदय के कुछ समय बाद से प्रतिपदा शुरू हो जाएगी। जानकारों के अनुसार फिर भी पूरे दिन अमावस्या ही मानी जाएगी। इस दौरान ही घरों में कलश स्थापना के साथ देवी की आराधना शुरू की जाएगी। इस बार नवरात्र का पूजन पूरे नौ दिन का है। 19 मार्च को अमावस्या तिथि सुबह 6.41 बजे तक है। इसके बाद पड़वा लग जाएगी जो अगले दिन 20 मार्च को सुबह साढ़े पांच बजे तक रहेगी। दो लोग नौ दिन का व्रत पूजन करते हैं वे हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति 27 मार्च को दोपहर 12.27 तक कर सकेंगे। इसके साथ ही इसी दिन महानवमी का पर्व रामनवमी या राम जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। पंडितों के अनुसार कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह से दोपहर 12.25 बजे तक है। इस दौरान जो लोग कलश स्थापना न कर सकें वे शाम के समय से रात तक भी कर सकते हैं। इसके साथ ही पहला व आखिरी व्रत रहने वाले अष्टमी का व्रत 26 मार्च को जबकि पारण 27 मार्च को करेंगे।

उधर, नौ दिन आस्था का उत्सव शुरू होने के चलते बाजार में तमाम अस्थायी दुकानें सज गईं हैं। इन पर बुधवार को आस्थावान पूजन सामग्री के अलावा देवी दुर्गा की प्रतिमा, चुनरी, श्रंगार सामग्री भी अपनी श्रद्धानुसार खरीदते दिखाई दिए। परचून की दुकानों से भी पूजा में लगने वाली सामग्री रोली, बंदन, घी, जनेऊ, बताशा, लौंग, जौं, तिल, पंचमेवा, कपूर आदि की जमकर खरीदारी की गई। इसके साथ ही व्रत को लेकर फलाहार की भी बिक्री होती रही। बेतहाशा महंगाई के बाद भी श्रद्धालुओं ने फल आदि की भी खरीदारी की। वहीं शहर स्थित सिद्ध देवी मंदिरों में साफ सफाई के साथ ही साज सज्जा का काम भी पूरा किया गया।

## कार की टक्कर से वृद्धा की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** दो दिन पहले कार की टक्कर से वृद्धा की मौत के मामले में कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हजरतपुर निवासी अविनाश कुमार ने कहा कि 16 मार्च को मां लीलावती (70) को बाइक पर बैठा कर ट्रेजरी से अपने घर जा रहा था। डीएम आवास के सामने कार ने टक्कर मारदी। इससे मां की मौत हो गई।

# एक अप्रैल से पूरी तरह कैशलेस हो जाएगा टोल टैक्स भुगतान

### फास्टैग या टोल बूथ के बारकोड से ही भुगतान, जाम से मिलेगी निज़ात

संवाददाता जलालाबाद/जसोदा, कन्नौज



जेवां टोल पर टैक्स का नकद भुगतान करता वाहन चालक। अमृत विचार

- जेवां टोल प्लाजा से प्रतिदिन गुजरते आठ से दस हजार वाहन

**अमृत विचार।** नये वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2026 से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान की सुविधा समाप्त कर दी जाएगी। एनएचएआई के द्वारा नेशनल टोल प्लाजा पर टैक्स का भुगतान पूरी तरह से कैशलेस करने की घोषणा की गई है। इससे टोल प्लाजा पर जाम न लग सके।

बुधवार को टोल प्लाजा प्रबंधक घनश्याम सिंह ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बड़ा फैसला लिया गया है। इसमें टोल प्लाजा पर पूर्ण तरीके से नगद भुगतान प्रक्रिया समाप्त की गई है। केवल फास्टैग या टोल बूथ पर उपलब्ध बारकोड के माध्यम से ही टैक्स का भुगतान किया जा सकेगा। अभी तक टैक्स का नगद भुगतान भी ले लिया जाता था लेकिन अब यह व्यवस्था नए वित्तीय वर्ष से बंद हो जाएगी। बताया कि स्थानीय जेवां टोल प्लाजा पर प्रतिदिन लगभग 8000-10000 वाहन गुजरते हैं। इससे कई बार जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जब कुछ वाहन चालक नगद टैक्स का भुगतान करने के लिए रुकते हैं।

इस समस्या को समाप्त करने के उद्देश्य से एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर टैक्स भुगतान पूरी तरह से कैशलेस करने की घोषणा की है। बताया कि 01 अप्रैल 2026 से नगद भुगतान की सुविधा पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। एनएचएआई के निर्देशों के अनुसार देश भर में जितने भी टोल प्लाजा है वहां टैक्स नगद भुगतान नहीं होगा। जिन वाहन चालकों की फास्टैग निष्क्रिय हैं या उनके पास यूपीआई की सुविधा नहीं है उनको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। एनएचएआई ऐसे वाहन चालकों को सलाह दी है कि वे अपना फास्टैग सक्रिय रखें और मोबाइल फोन में यूपीआई सुविधा चालू कर लें।

**3000 वाला पास अब 3075 रुपये में बनेगा**

- एनएचएआई ने गैर व्यावसायिक वाहनों के वार्षिक पास के शुल्क में भी बदलाव किया है। पहले यह पास 3000 रुपये में एक वर्ष या 200 टोल पार करने के लिए मिलता था। इसे अब 75 रुपये बढ़ा कर 3075 कर दिया गया है। नई दरें भी 01 अप्रैल 2026 की मध्य रात्रि से लागू होगी। लेकिन जिन वाहन चालकों का वार्षिक पास पहले से 3000रुपये में सक्रिय है। उन्हें अतिरिक्त राशि नहीं देनी पड़ेगी।

## मानीमऊ चौराहे पर लगेगी चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति

**कन्नौज।** समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने ठठिया कस्बे के मानीमऊ तिराहे पर स्थापित होने वाले क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद मूर्ति स्थल का निरीक्षण किया। जल्द मूर्ति लगवाने की बात कही।

कस्बा ठठिया के मानीमऊ-ठठिया चौराहे पर आजादी के महानायक क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कन्नौज सदर से विधायक असीम अरुण ने बुधवार को स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि जल्द इस चौराहे पर आजादी के महानायक की मूर्ति स्थापित होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, भाजपा आईटी सेल जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि मां भारती को गुलामी की जंजीरो से आजाद कराने के लिए महापुरुष क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने फिरंगियो को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था और स्वंय बलिदान देकर अमर हो गए। यह ठठिया क्षेत्र की जनता का सौभाग्य है जो उनके नगर तिराहे पर महानायक की मूर्ति स्थापित होने जा रही है।



शपथ ग्रहण के बाद मौजूद बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## अधिवक्ता लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं: अनुराग पांडेय

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** उप्र बार काउंसिल विधिक परिषद के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने बार एसोसिएशन की पूरी कार्यकारणी को शपथ दिलाई।

बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पाण्डेय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कश्यप, महामंत्री उपेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव व मोनू राय, कोषाध्यक्ष प्रदीप राजपूत, सहसचिव अमित शुक्ला, मीडिया प्रभारी अमित राजपूत व कोआर्डिनेटर मनोज श्रीवास्तव को शपथ दिलाई। इसके बाद अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता लोकतंत्र की सजग प्रहरी है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचित शोषितों को सस्ता सुलभ न्याय दिलाने का काम करता है। वादकरियों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए बार बेंच के मध्य अच्छा सामंजस्य होना चाहिए। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा, प्रशासन व अधिवक्ता दोनो एक ही गाड़ी के दो पहिये है। मामूली बातों को लेकर बार और बेंच में टकराव की स्थिति आ जाये तो बैठकर समस्या का निस्तारण कर ले। पूर्व अध्यक्ष ब्रजमोहन यादव, संरक्षक नीरज तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष दीपू यादव ने भी विचार रखे। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं की रक्षा के लिए वे व उनकी कमेटी सदैव तत्पर रहेंगी। कार्यक्रम में समाजसेवी अजय चतुर्वेदी के अलावा कई अधिवक्ता शामिल रहे।



विधायक अर्चना पांडे को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

## अधिवक्ताओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज। तहसील और सिविल न्यायालय छिबरामऊ के पश्चिमी गेट को जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों जलभराव के कारण तालाब में बदल चुका है। मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध होने के कारण अधिवक्ताओं, वादकारियों और स्थानीय निवासियों का निकलना दूभर है। इसको लेकर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक अर्चना पाण्डेय को पत्र सौंपकर नाला व सड़क निर्माण की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सड़क पर बस्ती से बहने वाला गंदा पानी घुटनों तक भरा है। यह गंगेश्वरनाथ मंदिर, प्राइमरी स्कूल, मॉन्टेसरी स्कूल और गेस्ट हाउस के लिए एकमात्र रास्ता है। इसी रास्ते से प्रशासनिक, न्यायिक अधिकारी और तहसील कर्मचारी गुजरते हैं। गंदे पानी में वाहन फंसने से लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। गंदे पानी के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

## राष्ट्रीय पक्षी का शिकार कर ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पिटाई कर मोर को कराया मुक्त नगर कोटि कालोनी के निकट का है मामला

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पक्षी मोर को पकड़कर छोटे से थैले में रख कर ले जा रहे व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने बाइक सवार को पकड़ कर पिटाई करते हुए मोर को मुक्त करा दिया।

बताया जाता है कि शहर के हाजीगंज ईदगाह से जलालपुर पनवारा की ओर जाने वाली सड़क के दोनों ओर बाग हैं। यह क्षेत्र सुनसान रहता है। इसी का फायदा उठाकर लोग पक्षियों का शिकार करते हैं। बुधवार को एक व्यक्ति बाइक लेकर पहुंचा और एक मोर को पकड़ कर छोटे से थैले में डाल टांग लिया। यह करतूत कुछ ग्रामीणों ने देख ली। इस पर बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगा। लोगों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। और मोर को उसके चंगुल से छुड़ाया। भीड़ से छूटते ही युवक अपनी बाइक लेकर फरार हो गया। इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया। इसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। वायरल वीडियो का अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने बाइक सवार की तलाश तेज कर दी है।

## नौ दिनों तक दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह। अमृत विचार


**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कार्यक्रम किया गया। लखनऊ से मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि अगले नौ दिनों तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रम होंगे जिनके माध्यम से लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जाएंगी।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजन कल्याण, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, हर घर नल जल योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो लाभार्थी योजनाओं से आच्छादित हो चुके हैं, उनकी संतुष्टि सुनिश्चित की जाए तथा जो पात्र व्यक्ति अभी तक योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पाए हैं, उन्हें लाभान्वित किया जाए। इसके बाद उन्होंने सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

**अनदेखी** | पेयजल के लिए लगा फ्रीजर शोपीस बना, अंतिम संस्कार से पहले लगता है शुल्क

# मेहंदीपुर गंगा घाट श्मशान स्थल पर गंदगी का अंबार

संवाददाता कन्नौज/तिर्वा



मेहंदीघाट पर बंद पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार



घाट के किनारे पड़े पुराने कपड़े आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कन्नौज के मेंहदी पुर गंगा घाट स्थित श्मशान स्थल बदहाली का शिकार है। भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान की नजर इस यहां नहीं पड़ी है। न तो पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त है और न ही साफ सफाई ही है। अंतिम संस्कार से पहले पर्ची कटती है लेकिन इसका पैसा कहां जाता है नहीं पता।

मेहंदीघाट श्मशान स्थल पर जनपद सहित आस पास के जनपदों से रोजाना दर्जनों शव अंतिम संस्कार के लिए लाए जाते हैं। लोगों को गंदगी के बीच ही अंतिम क्रिया पूरी करनी पड़ती है। चारों तरफ फैले पुराने कपड़े व सिर के बाल गंदगी को बढ़ाए हैं। साफ सफाई की जिम्मेदारी मेंहदीपुर ग्राम के सफाई कर्मियों की है लेकिन सफाई कर्मी का ध्यान मृतक के परिजनों से पैसा वसूलने पर होता है। इसके अलावा पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है।

ग्राम सभा द्वारा बनाए गए पेयजल कक्ष (वाटर कूलर) सफेद हाथी बन कर रह गया है। वर्षों टंकी में पानी नहीं आया है। प्रशासन व शासन के जिम्मेदार लोग साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं देते। सिर्फ स्नान घाट का निरीक्षण कर कर्तव्य की इति श्री कर ली जाती है।

ग्राम प्रधान मयंक राजपूत ने बताया कि बिजली का कोई कनेक्शन नहीं है। टेम्प्रेरी तार पड़ा था वह टूटा पड़ा है। वही ग्राम सभा द्वारा मृतक के पंजीकरण के लिए कक्ष चलाया जा रहा है जहां मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम पर 250 रुपये लिए जाते हैं। प्रधान ने मोबाइल पर बताया कि पंजीकरण से मिले पैसे गंगा मेले की व्यवस्था में खर्च किए जाते हैं।

## गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने के लिए 27 को देशव्यापी ज्ञापन

**छिबरामऊ।** पंडित कन्हैयालाल पांडे मार्केट में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत बुधवार को जनसंपर्क एवं विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सनातन धर्म में गाय के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित करते हुए केंद्र सरकार से गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग की। आगामी 27 अप्रैल को देश के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की 5410 तहसीलों में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम सार्वजनिक ज्ञापन सौंपा जाएगा। गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने हेतु टोल फ्री नंबर 9067777323 पर मिस कॉल देकर जनसमर्थन मांगा गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे, अभिषेक पांडे आदि रहे।

# 7 मई से 21 मई तक स्वगणना भी कर सकेंगे जिले के नागरिक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जनगणना के पहले चरण मकान सूचीकरण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया
- आज से 29 फील्ड ट्रेनरों को और दिया जाएगा प्रशिक्षण तैयारियां पूरी

**अमृत विचार।** जनपद में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में पूरा कर लिया गया। इस दौरान बताया गया कि इसकी स्व गणना भी की जा सकेगी। इसके लिए सात मई से 21 मई तक की अवधि तय की गई है।

गुरुवार को प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी (वि./रा) देवेन्द्र सिंह ने कहा कि 22 मई से 20 जून तक प्रदेश में होने वाली हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (मकान सूचीकरण) के सफल संचालन की जानकारी दी गई। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से कराना नई पहल है। प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना ऐप के उपयोग पर विशेष जोर देते हुए उसका अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को डेटा संग्रह, प्रविष्टि तथा सत्यापन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया एवं कार्य की शुद्धता और समयसीमा के पालन के महत्व पर बल दिया गया।

इस दौरान जनगणना निदेशालय, लखनऊ से नामित जिला प्रभारी सुश्री अंशु साहू ने स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी। बताया कि 7 मई से 21 मई तक यह सुविधा सभी के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवधि में नागरिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपना डेटा दर्ज कर सकेंगे तथा उन्हें एक सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। इसके माध्यम से संबंधित प्रगणक अपने मोबाइल ऐप पर उस डेटा को देख सकेंगे तथा सत्यापन के उपरांत अंतिम रूप से सबमिट कर सकेंगे।

इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 27 फील्ड ट्रेनर्स सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर्स सस्मित कुमार द्विवेदी एवं मृदुल मिश्रा ने किया। गुरुवार को फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड विजिट भी कराई गई। बताया गया कि जनपद में कुल 56 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जाना है। इनमें से शेष 29 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दिनांक 19, 20 एवं 23 मार्च को होगा। ये फील्ड ट्रेनर्स आगे चलकर जनपद के 4243 पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

## दो युवकों ने वृद्धा को गाली गलौज कर पीटा

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के नया गांव में शराब के नशे में धुत दो युवकों पर एक वृद्ध महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़िता ने राजेपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता मिथिलेश देवी ने अपनी तहरीर में बताया कि उनके पड़ोस के दो युवक शराब के नशे में मामूली बात पर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दोनों युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर उनकी बहू बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद बुजुर्ग महिला ने राजेपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना राजेपुर अध्यक्ष सुदेश कुमार ने पुष्टि की है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दो छात्रों में मारपीट एक गंभीर घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में दो छात्रों के विवाद में एक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल छात्र को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर कोहना निवासी आशीष (15) पुत्र वलवीर को पुलिस घायल अवस्था मे मेडिकल व उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंची जहां उपचार के दौरान आशीष ने बताया कि वह स्कूल से अपने साथी आशीष राजपूत के साथ बाइक से घर जा रहा था जब वह गांव के पास पहुंचा तभी उसकी बाइक स्कूल के ही एक अन्य छात्र की साइकिल से टकरा गई इसी बात को लेकर विवाद हो गया और जमकर मारपीट होने लगी जिससे आशीष का सर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली का रिम टूटा, लगा लंबा जाम

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज विकास खंड के बलीपुर में अचरा से उम्मरपुर मार्ग पर बुधवार सुबह एक ट्रैक्टर ट्रॉली का रिम टूट गया। इससे सड़क पर लंबा जाम लग गया, हालांकि चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रॉली का रिम टूटने के बाद ट्रैक्टर बीच रास्ते में ही रुक गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। एक ट्रक चालक ने अपनी गाड़ी का पहिया ट्रैक्टर ट्रॉली को देने की कोशिश की, लेकिन ट्रॉली पर अधिक भार होने के कारण जैक काम नहीं कर सका। इस वजह से पहिया अभी तक नहीं लगाया जा सका है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर तेज रफ्तार से आ रहा था, तभी अचानक ट्रॉली का रिम टूट गया। चालक ने तुरंत ट्रैक्टर को नियंत्रित कर लिया, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। गोविंद, रजत, धर्मेंद्र और उपदेश नामक ग्रामीणों ने कहा कि यदि ट्रैक्टर को समय रहते काबू न किया जाता तो आगे गंभीर हादसा हो सकता था।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत में रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** एटा जनपद के गांव घनश्यामपुर दलशाह निधौली कला निवासी मालती पत्नी धर्मवीर ने ट्रैक्टर के अज्ञात चालक पर रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि पति धर्मवीर (30) पुत्र जिलेदार 11 मार्च को बाइक लेकर कानपुर से घर आ रहे थे। शाम करीब 08 बजे मानीमऊ हरदोई कट के पास पहुंचे उसी समय तेज रफ्तार से चालक ने ट्रैक्टर चलाते हुए पति की बाइक में टक्कर मारदी। पति को जिला अस्पताल लेजाया गया जहां मौत की पुष्टि की गई।

## इफ्तार पार्टी में हजारों लोग हुए शामिल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज नगर पंचायत की बंजारा बस्ती, नया गनीपुर स्थित मस्जिद में 28वें रोजे का इफ्तार बुधवार शाम 6 .24 बजे आयोजित किया गया। यह इफ्तार डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा अमृतपुर, की ओर से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर साजिद अली खां, फारुख अली सदर, वली मोहम्मद उर्फ कल्लू, आफाक अली, जमील खां, अमन सुर्यवंशी, नवरंग सिंह, जैनुद्दीन, वारिस अली, साजिद अली, समेत कई रोजेदार शामिल हुए।

# विजय सिंह के घर हुए धमाके के बाद डीआईजी ने किया मौके का मुआयना

### पूर्व विधायक के नाला मछरट्टा घर पर मंगलवार रात्रि को हुए धमाके में कई लोग घायल हो गए थे

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक विजय सिंह के नाला मछरट्टा घर पर मंगलवार रात्रि हुए धमाके के बाद बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर हरीशचन्दर ने घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह से वार्ता भी की। डीआईजी ने बताया कि घटनास्थल से विभिन्न प्रकार के नमूने एकत्र किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज गया है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए लखनऊ से बीबीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा मानकों के तहत जांच की। इसके अलावा कानपुर से एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सहित सीओ सिटी, शहर कोतवाल भी मौजूद रहे।


पूर्व विधायक के आवास पर धमाके के बाद जांच करते डीआईजी कानपुर हरीशचन्दर।

- घटनास्थल से विभिन्न प्रकार के नमूने एकत्र किए गए हैं

**घायलों पर बम बनाने का मुकदमा दर्ज:फर्रुखाबाद।** पूर्व विधायक विजय सिंह की आवास पर हुए विस्फोट के मामले में उनके बेटे सिक्की विक्की सहित घायल आधा दर्जन साथियों के विरुद्ध बम बनाए जाने का केस दर्ज कराया गया है। बम विस्फोट में भैयालाल पुत्र हरिकिशन निवासी नूरपुर थाना मऊदरवाजा ,ईशू चौरसिया पुत्र घनश्याम चौरसिया उम्र करीब 29 वर्ष निवासी मोहल्ला नाला मछरटटा, रामवीर यादव पुत्र अजय राज उम्र करीब 60 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद, राशू मिश्रा पुत्र वीरेन्द्र मिश्रा निवासी मित्तूतूंचा, उम्र करीव 35 वर्ष, व कुछ अन्य घायल हुए। बताया गया कि टूटे हुए बेसमेंट में विस्फोटक पदार्थों की बू आ रही थी और दीवारों पर खून के धब्बे लगे थे। पूरे मकान की तीसरी मंजिल तक खिडकी, दरवाजे, ग्रिल, छत और लेंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त पड़े थे।मौके की स्थिति से यह स्पष्ट है कि मकान में मौजूद उक्त लोगों द्वारा अवैध विस्फोटक पदार्थो संग्रह कर निर्माण किया जा रहा था । मामले की जांच की जा रही है।

# चैत्र नवरात्र का शुभारंभ आज से, सज गये देवी मैया के मंदिर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र का पर्व 19 मार्च गुरुवार से शुरू हो रहा है। जिले में इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। जिले के सभी देवी मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का काम तेजी से चल रहा है।

शहर के बढ़पुर शीतला माता मंदिर, मठिया देवी मंदिर, गुरुग्राम मंदिर, फतेहगढ़ के वैष्णो देवी मंदिर, गमा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सजावट की गयी है तथा देवी मूर्तियों का अद्भुत श्रंगार किया गया है। बढ़पुर देवी मंदिर में बुधवार सुबह को रंगाई-पुताई का कार्य पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही मंदिर के आंतरिक परिसर को भी सजाया गया तथा शीतला माता व सन्तोषी माता की मूर्तियों की आकर्षक सजावट की गयी। नवरात्र के लिए मंदिर को बिजली की झालरों से भी सजाया गया।

शीतला माता मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्र के दौरान यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए बुधवार शाम बैरिकेड्स की व्यवस्था पूरी कर ली गयी। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। गुरुगांव देवी मंदिर, मठिया देवी मंदिर में भी बुधवार रात्रि तक तैयारियां पूरी कर ली गयी। गुरुग्रामेश्वरी देवी मंदिर के बाहर मेले जैसा नजारा नजर आने लगा है। पुलिस ने बुधवार शाम को ही दोनों ओर बैरीकेडिंग कर दी। केवल बाइकों को ही आने-जाने की अनुमति होगी। मंदिरों में धार्मिक आयोजनों को भी अंतिम रूप दिया गया। देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। देवी मंदिरों के बाहर चुनरी, पूजा थाली और प्रसाद की दुकानें सज गयी हैं।

उधर, पुलिस कप्तान आरती सिंह ने देवी मंदिरों में विशेष पुलिस बल तैनात किया है। उन्होंने सभी मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन के माध्यम से करने के निर्देश दिये हैं। गुरुगांव देवी मंदिर, शीतला देवी मंदिर, मठिया देवी मंदिर पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए ।


बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में नवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रूप देते युवक।

# फायरिंग के मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपिल में रविवार देर रात बदमाशों ने सड़क पर लकड़ी डालकर एक कार को रोकने का प्रयास किया और उस पर फायरिंग कर दी। मंगलवार को पुलिस ने 2 से 3 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव सवितापुर बिहारीपुर निवासी शिव शरन राजपूत ने कंपिल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अपने गांव के रामनरेश, बादाम सिंह और श्यामपाल के साथ एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र के खड़ौआ गांव में एक रिश्तेदार के जन्मदिन की दावत में गए थे। देर रात करीब साढ़े बारह बजे सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। कंपिल-अलीगंज मार्ग पर बरखेड़ा नहर की कच्ची पटरी से गुजरते समय उन्हें रास्ते में लकड़ी पड़ी मिली। चालक ने गाड़ी रोकी और बादाम सिंह लकड़ी हटाने के लिए नीचे उतरे। तभी अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। शिव शरन ने एक बदमाश को पकड़ लिया, जिससे उनकी हाथापाई हुई। वहां मौजूद 2 से 3 अन्य बदमाशों ने, जिनके चेहरे कपड़े से ढके थे, अवैध हथियारों से फायर किए। इस दौरान शिव शरन से वह बदमाश छूट गया। फायरिंग से कार के शीशे टूट गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार को 2 से 3 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर समाजवादी पार्टी महिला सभा ने कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने "कम करो, कम करो गैस सिलेंडर के दाम करो", "योगी-मोदी शर्म करो" जैसे नारे लगाए। साथ ही "ऐ नरेंद्र दे सिलेंडर" और "गली-गली में शोर है, गैस एजेंसी वाले चोर हैं" जैसे तीखे नारों से विरोध जताया।

महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं का शोषण कर रही हैं और मनमाने तरीके से वसूली की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहना था कि लगातार बढ़ती गैस सिलेंडर की कीमतों ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए रसोई चलाना मुश्किल होता जा रहा है।धरना-प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा और जल्द राहत देने की मांग की।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करतीं सपा नेत्री व अन्य महिलाएं। अमृत विचार

# महिलाओं से छेड़छाड़ पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज में चैत्र नवरात्र से पहले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस द्वारा महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्हें आत्मरक्षा के उपाय, हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि नवरात्र के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी तरह की छेड़छाड़ या अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी से अपील है कि वे बेझिझक पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि मंदिरों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।


सुरक्षा टिप्स देती महिला सिपाही।

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्योहार : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में चैत्र नवरात्र, ईद-उल-फितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती जैसे महत्वपूर्ण आगामी पर्वों को लेकर जिला शांति समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अपील की कि जनपद में सभी पर्व आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ परंपरागत ढंग से मनाए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई या गैर-परंपरागत गतिविधियों से बचते हुए पुरानी परंपराओं का पूर्णतः पालन किया जाए। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। नगर क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत राज अधिकारी स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था की जाए। साथ ही, पेयजल आपूर्ति समयबद्ध एवं सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाए। सीएमओ को निर्देश दिए कि सभी आकस्मिक सेवाएं पूर्ण रूप से सक्रिय रहें। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। डीजे का उपयोग निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप ही किया जाए तथा किसी भी स्थिति में अश्लील, आपत्तिजनक अथवा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले गीत न बजाए जाएं। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, एएसपी अजय कुमार आदि रहे।


शांति कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी और कमेटी के लोग अमृत विचार

## गंगा जमुनी तहजीब कायम कर मनाएं पर्व

**गुरसहायगंज।** ईद व नवरात्र के त्योहार को गंगा जमुनी तहजीब कायम कर सौहार्द से मनाएं। यह बात बुधवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक में कोतवाल अजय अवस्थी ने उपस्थित लोगों से कही। कोतवाल ने बताया कि सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। जो अराकतत्वों पर नजर रखने के साथ शांति व सौहार्द से त्योहार मनाने में सहयोग करेगा। साथ ही नवरात्र पर होने वाले आयोजन व विसर्जन की जानकारी भी आयोजकों से ली गई। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक सीपी तिवारी, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, एसआई सुरेंद्र पाल सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेश रावत, देवी चरन शाहू, राम कृपाल, दीपक कुमार, शहर काजी हाफिज जुम्मन, नीरज मिश्रा, सुगम दुबे, मुनीर कुरैशी, अभिषेक मिश्रा, अनिल सिसोदिया, अतुल गुप्ता, अरुण कुमार, अजीम सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# उल्लास: आज घर व देवालयों में सजेगा महामाई का दरबार

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** महामाई के आगमन के साथ बाजारों में रौनक लौट आई और महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने बाजार में जमकर खरीदारी की।

चैत्र नवरात्र को लेकर बुधवार को नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रामगंज सहित अन्य स्थानों पर दुकानदारों ने पूजा सामग्री व मूर्ति की दुकानों को लगाया। जिसमें देवी देवताओं की प्रतिमाएं, पोस्टर, कलश, धूप, चुनरी, कपडे, पुष्प, नारियल, फल आदि की खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देर शाम तक लगी रही। दुकानदार राजेश ने बताया कि इस बार 50 से 1000 रुपये तक की देवी प्रतिमाएं दुकान पर हैं। मां भगवती की चुनरी 10-1000 रुपये तक की हैं। हर बार की तरह इस बार भी पर्व पर महंगाई का असर दिख रहा है। फलों व सूखे मेवा पर भी महंगाई का असर रहा। नगर के देवालयों को रंग रोगन कर रंग बिरंगी लाइटों व सज्जा सामग्री से सजा कर अंतिम रूप दिया गया। घरों व देवालयों में अलग से माता रानी का दरबार सजाया गया।


नगर के जीटी रोड पर देवी प्रतिमा देखती महिला। अमृत विचार

### नव रात्र पर देवी मंदिरों में रहेगी पुलिस की चौकसी

**कन्नौज।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नवरात्र पर मंदिरों में पुलिस की तैनाती की गई है। मंदिर के गेट व मंदिर के अंदर पुलिस का पहरा रहेगा। भक्तों की सुरक्षा को लेकर एसपी विनोद कुमार ने सभी थाना कोतवाली पुलिस को सक्रिय कर दिया है। कहा गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में महिला व पुरुष सिपाहियों की ड्यूटी लगा दें।

आयोजन | ऋतुकला में जल अर्पण दिवस समारोह में बोले राज्यमंत्री

# 'हर घर जल' से बदलेगी पेयजल व्यवस्था : असीम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर ब्लाक के ऋतुकाला गांव में जल अर्पण दिवस पर जनजागरूकता समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने ग्रामीणों को जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर जल' योजना के तहत क्षेत्र के हर नागरिक तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से जल का सीमित और सही उपयोग करने की अपील की। बताया कि कई गांवों में पानी की टंकिया बन चुकी हैं और कुछ जगहों पर बन रहीं हैं। कन्नौज नगर के लिए लगभग 70 करोड़ रुपये की जल परियोजना को मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति दी गई है, जिससे जल्द ही हर घर तक नल से पानी पहुंचाया जाएगा। नगर के विस्तार वाले क्षेत्रों में भी तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। जलनिगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी सड़कें टूटी हैं, उसे ठीक किया जाए। समारोह में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, आईएस वैशाली, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के अलावा विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**'देश के लिए उदाहरण बन चुकी प्रदेश की कानून व्यवस्था':** प्रदेश ने गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक हाईवे एवं एक्सप्रेसवे निर्माण तथा एयरपोर्ट के माध्यम से बेहतर प्रगति की है। प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के लिए एक उदाहरण बन चुकी है, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। यह विचार प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सदर विधायक व समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने प्रेसवार्ता में व्यक्त किए। कहा कि प्रदेश के विकास मॉडल की सराहना अन्य राज्यों में भी हो रही है।


ऋतुकला गांव में घड़े से जल को निकालते मंत्री असीम अरुण व अन्य। अमृत विचार

## बीज के लिए मारामारी किसान हुए परेशान

**छिबरामऊ।** निगम मंडी स्थित कृषि कल्याण केंद्र पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। क्षेत्र के सैकड़ों किसान मूंगफली और मक्का के बीज के लिए चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि केंद्र पर तैनात कर्मचारी बीज वितरण में टालमटोल कर रहे हैं और कथित भ्रष्टाचार के चलते पात्र किसानों को बीज नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि ग्राम पंथरा निवासी 90 वर्षीय किसान रामऔतार भी घंटों लाइन में लगने के बावजूद बीज हासिल नहीं कर सके। किसानों ने विभाग के विरुद्ध आक्रोश जताते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से मामले की शिकायत की है।

# जुड़वा बहनों ने उत्तीर्ण की जेएनवी की प्रवेश परीक्षा

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** जेएनवी प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर जुड़वा बहनों को बीईओ ने फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं।

बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र जलालाबाद के प्राथमिक विद्यालय तहसीपुर ठठिया की जुड़वा बहनों आयुषी कटियार व आरुषि कटियार को जेएनवी प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर बीईओ शिवेंद्र कुमार वर्मा ने बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। सहायक अध्यापक शांभवी मिश्रा ने बताया कि दोनों बहनें पढ़ाई में अत्यधिक कुशाग्र बुद्धि की हैं। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि विद्यालय से चार बच्चों ने फॉर्म भरा था। तीन ने प्रवेश परीक्षा दी थी। इसमें दोनों बहनों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। तहसीपुर निवासी पिता नीरज कटियार ने बताया कि वे साधारण किसान परिवार से हैं। दोनों पुत्रियों के चयन से परिवार खुश हैं।



शिक्षक व परिजनों के साथ मौजूद छात्राएं।

## न्यूज ब्रीफ



कुनैरा जैन मंदिर में विराजमान क्षुल्लक प्रगुण सागर महाराज।

### जैन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व

**इटावा।** कुनैरा स्थित श्री दिगंबर जैन नवग्रह अहिंसा तीर्थ क्षेत्र में अहिंसा तीर्थ प्रेरणाता आचार्य प्रमुख सागर महाराज के शिष्य क्षुल्लक प्रगुण सागर महाराज विराजमान हैं। उनके सान्निध्य में तीर्थ क्षेत्र का वातावरण अत्यंत भक्तिमय बना हुआ है। क्षुल्लक प्रगुण सागर महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि वे नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष साधना, जाप एवं आराधना करेंगे। कहा नवरात्रि पर्व का जैन धर्म में विशेष महत्व बताते हुए कहा कि प्राचीन परंपरा के अनुसार चक्रवर्ती सम्राट भरत ने नवरात्रि के पावन दिनों में कैलाश पर्वत पर निर्मित 72 जिनालयों की वंदना, अर्चना और साधना की थी। इसी परंपरा का निर्वहन आज भी श्रद्धालु करते हैं। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए धर्म साधना में अधिकाधिक सहभागिता का संदेश दिया।

### फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत शांति कालोनी में किसी बात को लेकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार शांति कालोनी निवासी गौरव तिवारी पुत्र सुरेंद्र सिंह ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

### मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत मिहुली की मड़ैया निवासी सचिन पुत्र ओम प्रकाश, मालती देवी पत्नी ओम प्रकाश व सजना कुमारी पत्नी महेंद्र को किसी विवाद को लेकर दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत नगला भगत निवासी शिवम पुत्र अरविंद को किसी विवाद को लेकर दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया।

### पीस कमेटी की बैठक त्योहारों को शांति से मनाने की अपील

**जसवंतनगर।** बुधवार को थाना सभागार में आगामी त्योहारों के मद्दे नजर पीस कमेटी का आयोजन किया गया। सीओ आयुषी सिंह ने नवरात्रि में नगर व ग्रामीण अंचलों के मंदिरों व ईद के अवसर पर नमाज अदा करने के स्थान तथा वहां पर कैमरे एवं सुरक्षा के प्रबंध के बारे में जानकारी ली।इसके अलावा नागरिकों से भी इस दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में पूछताछ की। उन्होंने सभी से त्योहार को परंपरागत तरीके से हंसी-खुशी से मनाने तथा इस दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की सभी से अपील की। साथ ही चेताया कि अगर किसी ने कानून तोड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष कमल भाटी ने इस दौरान सभी को आश्वस्त किया कि पुलिस अपनी व्यवस्था में कोई कमी नहीं रखेगी।नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है।अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।अपील की कि सभी मिलजुल का त्योहार मनाए। इस दौरान उपनिरीक्षक मनीष कुमार, यशवीर तोमर, ललित चतुर्वेदी, आशीष कुमार, शुभम वर्मा व सभ्रांत लोगों में रामनरेश शर्मा ,अजय बिंदु यादव , मोहम्मद जहीर, लज्जाराम प्रजापति, श्रेयस मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, जय शिव वाल्मीकि, जावेद समेत ग्रामीण अंचलों से आए नागरिक भी शामिल रहे।

### शिक्षक बैठे धरने पर मूल्यांकन कार्य ठप

**इटावा।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होने से पहले ही रुक गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत काम शुरू होना था, लेकिन बड़ी संख्या में शिक्षक केंद्रों पर पहुंचकर काम बंद कर धरने पर बैठ गए। शिक्षकों की हड़ताल के चलते पूरे जनपद में मूल्यांकन प्रक्रिया ठप हो गई। जनपद में मूल्यांकन के लिए आज बुधवार से राजकीय इंटर कॉलेज और इस्लामिया इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। यहां करीब एक हजार से अधिक शिक्षक तैनात किए गए जिन्हें कुल 2 लाख 52 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। लेकिन हड़ताल के कारण दोनों केंद्रों पर कॉपियों का ढेर लग गया है और काम पूरी तरह प्रभावित हुआ।

# एक लाख रुपये का बिजली बिल देख चाय विक्रेता को पड़ा हार्टअटैक, मौत

## घटना से आक्रोशित लोगों ने बिजली घर में शव रखकर किया विरोध-प्रदर्शन

संवाददाता, भरथना (इटावा)

**अमृत विचार।** कस्बे के महावीर नगर निवासी चाय विक्रेता को बिजली विभाग की लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। अचानक एक लाख 60 हजार का बिल आने से उसे अटैक पडा गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव लेकर बिजली उपखंड कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया।



बिजली घर में शव रखकर रोते-बिलखते परिजन व इनसेट में शिवपाल सिंह।

मोहल्ला महावीर नगर निवासी 58 वर्षीय शिवपाल सिंह कश्यप पुत्र स्व. छोटे लाल जो हाथठेले पर चाय बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे, इनके घर में करीब तीन माह पूर्व स्मार्ट मीटर लगाया गया था। परिजनों के अनुसार, मीटर लगने के बाद से ही बिजली बिल असामान्य रूप से अधिक आने लगा। पहले महीने करीब 20 हजार रुपये और दूसरे महीने लगभग 60 हजार रुपये का बिल आया। बताया गया कि दो माह का कुल बिल करीब 80 हजार रुपये होने के बाद शिवपाल सिंह काफी परेशान हो गए और बिल संशोधन के लिए कई बार विभाग के चक्कर लगाए। आरोप है कि हर बार उन्हें टाल दिया गया और कभी इटावा तो कभी भरथना कार्यालय भेजा जाता रहा।

मृतक के बड़े पुत्र सत्यम का कहना है कि 17 मार्च की देर रात करीब 11 बजे तीसरे महीने का बिजली बिल 1.60 लाख रुपये का मैसेज मोबाइल पर आया। यह देख मेरे पिता को गहरा सदमा लगा और उन्हें दिल का दौरा पड़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजन शव लेकर भरथना बिजली घर पहुंच गए और कार्यालय परिसर में शव रखकर प्रदर्शन किया।

परिजन दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग पर अड़ गए। सूचना मिलने पर तहसीलदार दिलीप कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह समेत विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। 3 घंटे तक चली मशक्कत के बाद परिजन शांत हुए और अधिकारियों के आश्वासन पर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार के लिए ले गए। इस दौरान चेयरमैन अजय यादव गुल्लू, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि भगवान पोरवाल, मंडल अध्यक्ष बंटू, व्यापार मंडल अध्यक्ष रज्जन पोरवाल और बंटी पोरवाल समेत कई जनप्रतिनिधि व व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि मामले में गलत बिजली बिल की शिकायत और कर्मचारियों पर लगाए गए आरोपों की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। मृतक अपने पीछे पत्नी सीमा देवी, अविवाहित पुत्र सुन्दरम, पुत्री राखी तथा दो विवाहित पुत्र सत्यम और शिवम समेत तमाम परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## धारदार हथियार से गला रेत कर किया आत्महत्या का प्रयास

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत आजाद नगर में मानसिक तनाव और पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने धारदार हथियार से अपना गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल से सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

आजाद नगर निवासी शोएब 30 वर्ष पुत्र रईस ने धारदार हथियार से अपना गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास किया। खून से लथपथ हालत में उसे देखकर परिजनों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद शोएब की हालत गंभीर देखते हुए उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया गया है कि करीब 20 दिन पहले भी शोएब ने पत्नी से विवाद के बाद इसी तरह धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया था। उस समय उसकी पत्नी उसके साथ थी लेकिन बाद में वह उसे छोड़कर चली गई।



अध्यक्ष चुने जाने पर अमित यादव का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# आर्युविज्ञान संस्थान कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष बने अमित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अध्यक्ष चुने जाने पर वकीलों ने किया सम्मानित

**अमृत विचार।** सैंफई स्थित आर्युविज्ञान संस्थान में कर्मचारी यूनियन के हुए चुनाव में अमित यादव को दो वोटों ने जीत मिली है। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कर्मचारियों के अलावा कचहरी के वकीलों ने उनका फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया।

आर्युविज्ञान संस्थान में कर्मचारी यूनियन का चुनाव हुआ जिसका सोमवार को परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अमित यादव निवासी अड्डा निहाल ने अपने प्रतिद्वंदी रज्जन सिंह को दो वोट से हराया। अध्यक्ष निर्वाचित होने का अमित यादव का कर्मचारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों के हितों में काम करने की बात कही। मंगलवार को कचहरी के वकीलों ने अध्यक्ष चुने जाने पर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बृजेंद्र चौबे, अंशू चौबे, वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व डीजीसी रवीद्र यादव रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह यादव सपा अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष अभिनव यादव योगेंद्र अवस्थी मुन्ना, राम सरन यादव , ओम प्रकाश यादव, संदीप पोरवाल, सुघर सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

संवाददाता, इकदिल

**अमृत विचार ।** डीएफसी लाइन पर ओवरब्रिज के पास कैंसर से पीड़ित अधेड़ की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। बाद में पुलिस ने मृतक की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की जिसके बाद आधे घंटे बाद मृतक की पहचान इकदिल निवासी लंबू वाली गली के रहने वाले ओमचरन (52) के रूप में हुई।

मृतक के बड़े भाई शिवकुमार उर्फ लंबू ने बताया कि छोटा भाई चार साल से कैंसर से पीड़ित था। उसका इलाज करा रहे थे। बुधवार साढ़े 10 बजे बगैर किसी को बताए घर से निकल गए। लोगों ने उसे स्टेशन के तरफ ऑटो से जाते हुए देखा था। हर रोज आस पास बैठने के लिए निकल जाते थे। मृतक के दो बेटे मोहित और विशेष व एक बेटी अंजली के साथ पत्नी रूपा देवी का रो-रोकर हाल बेहाल हैं।

### कार डिवाइडर से टकराकर पलटी , दो घायल

**जसवंतनगर।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर एक होटल के पास बुधवार तड़के चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में चालक समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के चलते कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। मोहित पांडे निवासी अकबरपुर, थाना बाबरपुर, कानपुर देहात और अपने दोस्त बाबू शुक्ला निवासी ए-ब्लॉक किदवई नगर, कानपुर नगर रिश्तेदारी में कार से नोएडा गए थे। बुधवार सुबह पांच बजे वह नोएडा से घर लौट रहे थे। कार मोहित पांडेय चला रहे थे। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर एक होटल के पास मोहित पांडेय को झपकी आ गई। इससे कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें मोहित पांडेय व बाबू शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एसआई कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# सात दिवसीय किसान प्रशिक्षण का समापन

संवाददाता, बकेवर

**अमृत विचार ।** जनता कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय किसान प्रशिक्षण का समापन हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कॉलेज प्रबंधन समिति के वित्तीय सहयोग एवं प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उद्यान विभाग, शस्य विज्ञान, पादप रोग विज्ञान तथा पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।



प्रमाणपत्रों के साथ किसान व कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

प्रशिक्षण के अंतिम दिन किसानों को व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की। डॉ. एस.के. विश्वकर्मा, डॉ. संजीव कुमार, लोकेन्द्र प्रताप सिंह एवं सत्यम गुप्ता ने संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद किसानों से प्रशिक्षण संबंधी फीडबैक लिया गया, जिसमें किसान प्रतिनिधियों लालाराम दोहरे, अमित सिंह, हरीशचंद्र, राजवीर सिंह, उमा देवी, ममता देवी, पुष्पा देवी एवं श्रीदेवी ने अपने अनुभव साझा किए। किसानों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें फसल उत्पादन, रोग प्रबंधन, बागवानी तकनीक एवं पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जो उनकी आय बढ़ाने में सहायक होगी।

समापन सत्र में प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर ही कृषि को लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने खेतों में लागू करें और अन्य किसानों तक भी इसका प्रसार करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में डॉ. एम.पी. सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रबंधन समिति एवं किसानों का आभार जताया।

# जागरूक होकर किसान योजनाओं का लाभ लें

संवाददाता, जसवंतनगर

- कृषि ज्ञान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन
- मृदा परीक्षण, पशु पालन, जैविक खेती के उत्पादन पर चर्चा

**अमृत विचार।** संम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन जौनई पर एक दिवसीय कृषि ज्ञान मेला, कृषक गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बीज परीक्षण, मृदा परीक्षण, पशु पालन, जैविक खेती के उत्पादन, श्री अन्न उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणीयकरण संस्था व निजी बीज विक्रेताओं के स्टॉल लगाए गये।



कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करते उप निदेशक। अमृत विचार

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया विधायक के प्रतिनिध सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लेने के प्रेरित किया गया एवं कृषकों से अपील की गयी कि वह वैज्ञानिक खेती अपनाते हुए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। आरएन सिंह उप कृषि निदेशक शोध द्वारा शोध केन्द्र की स्थापना, उद्देश्य, इस केन्द्र द्वारा संचालित कार्यों के बिषय में तथा जैविक खेती के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। ओकार सिंह जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि निवेशों की उपलब्धता के बारे में बताया गया। प्रकाश नारायण त्रिपाठी संयुक्त सचिव मानव कल्याण प्रतिष्ठान इ द्वारा जैव उर्वरकों के प्रयोग, मृदा में जीवान्श कार्बन को बढाने की विधियों के विषय में जानकारियां उपलब्ध करायी गयी। सत्येन्द्र सिंह ने विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा रबी एवं खरीफ फसलों की शस्य क्रियाओं एवं रोगों से बचाव के बारे में बताया।

हरेन्द्र सिंह से.नि. वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक द्वारा फल एवं सब्जियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। श्याम सिंह जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जिला उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कृषि मेला के आयोजन के समय प्रदीप कुमार, गजेन्द्र सिंह, उपेन्द्र कुमार अशलेन्द्र कुमार, प्रक्षेत्र अन्जू वर्मा, हरिओम, गजेन्द्र यादव राजीव कुमार सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत साईं मंदिर कालोनी के बाहर बाइस ख्वाजा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार आकाश बघेल पुत्र मुकेश बघेल निवासी बुलाकीपुरा सिविल लाइन व अजय पुत्र परमानन्द निवासी लोहन्ना चौराहा सिविल लाइन घायल हो गए। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत थाने के पास भरथना रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अनिता बाथम पत्नी हरिओम निवासी हर्ष नगर कोतवाली सदर व रेनू पत्नी मुन्ना लाल निवासी शांति कालोनी फ्रेंडस कालोनी घायल हो गईं।



निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार व अधिशाषी अधिकारी श्याम बचन सरोज व अन्य। अमृत विचार

# नवरात्रि आज से, देवी मंदिरों में हुई सजावट

**जसवंतनगर।** चैत्र नवरात्रि और ईद-उल-फितर को लेकर बुधवार को पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार और ईओ श्याम बच्चन सरोज की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर के मंदिरों,मुख्य मार्गो और ईदगाह परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। अभियान के दौरान कूड़ा उठाने, झाड़ू लगाने और जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। पालिकाध्यक्ष ईओ ने जल प्रभारी को बेहतर पानी सप्लाई के निर्देश दिए।इस दौरान नपा के वरिष्ठ लिपिक नवनीत शाक्य,सखी त्रिपाठी शिवांग,विनय,सफाई नायक रामसिया,विनोद,राजू मौजूद रहे।

आयोजन

नुमाइश पंडाल में हुआ योगी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

# सेवायोजन विभाग के चयनित युवाओं को बांटे प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदर्शनी पंडाल में विधायक सदर सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया।




चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र देतीं विधायक सरिता भदौरिया साथ में डीएम। अमृत विचार

उ.प्र. में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के नौ वर्ष पर वार्षिक पुस्तक नवनिर्माण के 9 वर्ष का विमोचन कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ से लाइव प्रसारण नुमाइश पंडाल में देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर सरिता भदौरिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सदर विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत चयनित युवाओं को रोजगार प्राप्ति हेतु नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किये। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत नौ वर्षों में प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया गया है। साथ ही स्वास्थ्य, डेवलपमेंट आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मेडिकल सुविधाओं का विस्तार, एक्सप्रेसवे निर्माण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को व्यापक लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। उन्होंने प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रखने तथा जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी सिटी, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अलीपुर केशोंपुर वि०ख० किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत | अल्पकालीन निविदा सूचना | दिनांक– 18.03.2026

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलीपुर केशोंपुर विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 19/03/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 23/03/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामनिवास के घर से हरिश्चन्द्र के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 4,17,000.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |

अमित कुमार सिंह – ग्राम प्रधान | रामकिशोर – पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़ौसी वि०ख० किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत | अल्पकालीन निविदा सूचना | दिनांक– 18.03.2026

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ौसी विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 19/03/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 23/03/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अटलबिहारी के घर से सोनेलाल जाटव के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 9,90 लाख | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |

ज्योति – ग्राम प्रधान | अनुज कुमार – पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### सत्येन्द्र कुमार ने पीएचडी मौखिकी परीक्षा उत्तीर्ण की

**दिबियापुर, औरैया।** बेला रोड स्थित विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के शोध छात्र सत्येन्द्र कुमार ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित पीएचडी (डॉक्टरेट) की मौखिकी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। उन्हें आगामी दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा औपचारिक रूप से उपाधि प्रदान की जाएगी। सैद्धांतिक एवं अनुभाविक अध्ययन" विषय पर अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया, जिसकी मौखिकी परीक्षा 17 मार्च 2026 को आयोजित हुई। यह शोध कार्य राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं शोध पर्यवेक्षक डॉ. इफ्तिखार हसन के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

### प्रशासन ने बाल विवाह को रुकवाया

**औरैया।** जिले में बाल विवाह का एक मामला सामने आया है, जिसे प्रशासन ने समय रहते रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार, मां मंगला काली मंदिर में एक किशोरी का विवाह कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही एसडीएम अजय आनन्द वर्मा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि किशोरी की उम्र लगभग 13 वर्ष है, जबकि लड़के की उम्र करीब 15 वर्ष बताई गई। मौके पर मौजूद दोनों पक्ष उम्र से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने तत्काल विवाह रुकवा दिया और अभिभावकों को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से एक बाल विवाह होने से बच गया।

### घर में घुसकर पीटा कार्रवाई की मांग

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के टिकमनपुर गांव में एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे आरोपित पक्ष के लोग महिला के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे उसे हाथ व सिर में चोटें आईं। पीड़िता के मुताबिक, जब उसे बचाने उसकी सास और छोटी बच्ची आईं तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने लिखित शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

**बिधूना।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव की हालांकि अभी कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। फिर भी अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में संभावित चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री अनिल यादव ने वर्तमान अध्यक्ष सदन सिंह शाक्य के हस्ताक्षर से जारी सूची को अधिवक्ता बार हाल के मुख्य द्वार के सामने चस्पा कर दिया है। अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व महामंत्री अम्बरेश सिंह सेंगर, पूर्व महामंत्री राकेश पांडेय, पूर्व महामंत्री राकेश यादव, नवीन तिवारी एडवोकेट आदि के नाम चर्चा में बताये जा रहे हैं जबकि महामंत्री सहित अन्य उम्मीदवारों के भी नामों की चर्चाएं हैं।

# महंगाई और गैस सिलेंडर की कमी को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

## बड़ी संख्या में महिलाओं ने खाली गैस सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को समाजवादी महिला सभा के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की कमी के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने खाली गैस सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई।

प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य आम जनता, खासकर घरेलू महिलाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में आ रही समस्याओं को उजागर करना रहा। महिलाओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है, वहीं गैस सिलेंडर की किल्लत ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है।



विरोध प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

धरना-प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार तरीके से रखा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई और महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस मौके पर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष रश्मि यादव के नेतृत्व में किरण राजपूत, साधना, मालती कश्यप, सुनीता देवी, प्रेमलता राजपूत, गीता देवी, मनीषा, प्रियंका राजपूत, सरोज देवी, रजिया बेगम, निर्मला राजपूत, रीमा दोहरे, संगीता, सुमन, लता सैनी और खुशबू वाल्मीकि सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इसके अलावा वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, जिला व्यापार सभा के विपिन गुप्ता, राम खिलावन, योगेश विरासिया, अंकित मित्तल और युवा नेता उपदेश यादव ने भी धरने को समर्थन दिया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि वह जल्द से जल्द रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू करे और महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### जनगणना को प्रभावी बनाने के लिए फील्ड प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण

**औरैया।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित फील्ड प्रशिक्षकों को तीसरे दिन का प्रशिक्षण ग्राम नौली तहसील औरैया मे दिया गया ।

प्रशिक्षण के दौरान तीसरे दिन जिला जनगणना प्रभारी ज्योति वर्मा व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के पूर्व मकान सूचीकरण की विस्तृत जानकारी ग्राम नौली मे घर घर जाकर दी गई । गणना के समय आंकड़ों के संग्रहण के लिए देश में पहली बार डिजिटल मोड का प्रयोग किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस जनगणना में आमजन अपना विवरण स्वयं आनलाइन पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं जि। उन्होंने प्रशिक्षकों को पर्यवेक्षक व प्रगणक की भूमिका व उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार वह मकान सूचीकरण ब्लॉक के अंदर आच्छादित मकान का वर्गीकरण करेंगे साथ ही उसे नजरी नक्शा में किस प्रकार अंकित करेंगे और मकान की नंबरिंग करेंगे।

# कार ने तोड़ा रेलवे फाटक बड़ा रेल हादसा बचा

- अछल्दा में श्रम शक्ति एक्सप्रेस के गुजरने से 20 सेकेंड पहले की घटना

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर बुधवार रात एक कार ने रेलवे फाटक के दोनों बूम तोड़ दिए। इस घटना के कुछ ही देर बाद उसी ट्रैक से एक एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी, जिससे एक बड़ा रेल हादसा बच गया। यह घटना अछल्दा स्थित 13-बी रेलवे क्रॉसिंग पर रात 1.11 बजे हुई।

जानकारी के अनुसार, गांव रामपुर कुंअर की तरफ से तेज रफ्तार कार ने उत्तरी और दक्षिणी दोनों बूम को तोड़ दिया और बिधूना की ओर तेज रफ्तार से भाग निकली। कानपुर की ओर से आ रही अप लाइन पर श्रम शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन रात 1.30 बजे इसी मार्ग से गुजरी। यदि कार और ट्रेन के गुजरने का समय एक होता, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

बताया गया है कि कार में चार लोग सवार थे, जो रात में रामपुर कुंअर गांव में घूम रहे थे। एक वृद्ध ग्रामीण ने उन्हें देखकर शोर मचाया, जिसके बाद कार सवार तेजी से अछल्दा की ओर भागने लगे। गांव के आशीष कुमार और प्रेम चंद्र ने अपनी कार से उनका पीछा किया और 112 पुलिस को सूचना दी। तेज रफ्तार कार ने अछल्दा के 13-बी बंद फाटक को तोड़ दिया और बिधूना की दिशा में निकल गई। घटना के तुरंत बाद गेटमैन ने इमरजेंसी बूम लगाकर दोनों बूम टूटने की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। आरपीएफ के राजेंद्र सिंह ने फाटक पर मौजूद ग्रामीण आशीष से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। आशीष कुमार ने बताया कि वे गांव में घूम रहे कार सवारों का पीछा करते हुए अछल्दा तक पहुंचे थे। एसएनटी कर्मियों ने रात 2.50 बजे तक दोनों बूम की मरम्मत कर दी। उपनिरीक्षक दिनेश सिंह सिकरवार फाटक तोड़ने वाली कार के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगे हुए हैं। हालांकि, फुटेज में कार फाटक तोड़ते हुए दिख रही है, लेकिन उसका नंबर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।


सुंदरकांड पाठ करते लोग। अमृत विचार

## 20 वां सुंदर काण्ड पाठ संपन्न

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में हिन्दू युवा मोर्चा संघ द्वारा 20वां सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थान शिव मंदिर शर्मा मोहल्ला ऊँचा टीला फफूंद में सम्पन्न हुआ। सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सदस्य अंशु शर्मा, अंकित शर्मा, शिवपाल शर्मा, पिंकू शर्मा के आवाहन पर किया गया। यह पाठ 11बजे भजन कीर्तन के साथ पाठ से प्रारंभ होकर 3 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, गौरव श्रीवस्ताब संगठन मंत्री, ओबरन सिंह राजपूत संरक्षक, पुत्तन पाठक,अनिल कुशवाहा, अनुराग धनगर नगर अध्यक्ष, विनोद कोस्ठा संरक्षक,रवि पोरवाल, अमित शर्मा, प्रवल शर्मा, अरविंद यादव, आकाश शर्मा, बबलू शर्मा, राजेंद्र शर्मा, कल्लू शर्मा, शिवपाल शर्मा, , प्रमोद शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से दो लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर बुधवार सबेरे हुसैनपुर मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नवाबगंज के नया गनीपुर निवासी इमरान (पुत्र बबलू) और उनके साथी शादाब शामिल हैं। दोनों फर्रुखाबाद कपड़े लेने जा रहे थे।

दुर्घटना उस समय हुई जब उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सडक़ पर गिरने से वाहन का पहिया इमरान के पैर के ऊपर चढ़ गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत नवाबगंज थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। इमरान के लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# गोली चलने की सूचना फर्जी, निकली मारपीट की घटना

- समोसा लेने को लेकर विवाद शुरू हुआ, मामले की जांच शुरू
- चुनावी रंजिश में बदला, फायरिंग की सूचना निकली झूठी

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)

**अमृत विचार।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र के गांव देवराव में सोमवार शाम करीब दस बजे कंट्रोल रूम डायल 112 पर गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बिधूना कोतवाली पुलिस और रुरुगंज चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुच गई। पुलिस के पहुंचते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे और दहशत का माहौल बना हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को मौके पर कोई फायरिंग के सबूत नहीं मिले। पड़ताल में सामने आया कि मामला गोलीबारी का नहीं, बल्कि दो पक्षों के बीच पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर हुए विवाद का है। दोनों पक्षों में पहले से तनाव चल रहा था, जो अचानक बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट में बदल गया।


जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार देवराव गांव निवासी कमल पुत्र विशम्भर सिंह गांव में समोसे की दुकान चलाते हैं। कछपुरा निवासी सचिन समोसा लेने उनकी दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान नौशाद उर्फ छोटे भी वहां आ गया और पहले समोसा देने को लेकर विवाद करने लगा। बताया जाता है कि इस दौरान उसने सचिन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख दुकानदार कमल ने दोनों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने कंट्रोल रूम डायल 112 पर गोली चलने की सूचना दे दी, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई और पुलिस महकमा सतर्क हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मौके से दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसके बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोली चलने की कोई पुष्टि नहीं हुई है और यह केवल अफवाह थी। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

# नवोदय में चयनित बच्चे सम्मानित

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड बिधूना के प्राथमिक विद्यालय तिरकों में कक्षा पांचवीं के मेधावी छात्र ओम जी ने नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में 42वीं रैंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

ओम पुत्र भरत सिंह राठौर का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन अभिभावकों व शिक्षकों के लिए गौरव का विषय बन गया है। विद्यालय में उनकी कक्षा शिक्षिका तारा देवी व समस्त स्टाफ ने ओम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन का यह फल है। तारा देवी ने बताया कि ओम हमेशा से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है और यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।


बच्चे का सम्मान करते लोग। अमृत विचार

स्टाफ ने ओम को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं दूसरी ओर विकासखंड बिधूना के यू पी एस पुरवा भवानी कंपोजिट में कक्षा पांच में अध्ययनरत छात्रा कामिनी पुत्री अजीत सिंह का चयन नवोदय विद्यालय में होने के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय पाठक एवं समस्त शिक्षक ने बच्ची को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया और उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। छात्रा ने 148वी रैंक हासिल की है।

### 87 हजार कॉपियों की जांच को परीक्षक तैनात

**बिधूना।** कस्बा स्थित श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज को बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। यहां हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा। उपनियंत्रक सूर्यवंश सिंह सेंगर ने बताया कि मूल्यांकन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कॉपियों का मूल्यांकन होगा जिसकी निगरानी लगातार कंट्रोल रूम से की जाएगी। विभिन्न जिलों से कॉपियां पहुंच रही हैं। देर रात तक सभी कॉपियां पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र पर हाईस्कूल की अंग्रेजी, विज्ञान, कला, संस्कृत और कृषि की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य किया जाएगा। केन्द्र पर कुल 87468 उत्तर पुस्तिकाओं की जाएगी। बोर्ड ने मूल्यांकन के लिए 42 उप प्रधान परीक्षक, 412 परीक्षक एवं 22 अंकेक्षक नियुक्त किए हैं। कोठार प्रभारी राजेंद्र सिंह गौर के अनुसार कोठार की टीम और पत्राचार की टीम का भी गठन हो चुका है।

**आवासीय विद्यालय सरस्वती शिशु / बाल मन्दिर इण्टर कालेज राठ (हमीरपुर)**
सिकन्दरपुरा राठ हमीरपुर ईमेल – balmandirintercollegerath@gmail.com

**आवश्यकता है – पुरुष/महिला**
**प्राइमरी पद** – 04 – अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, संस्कृत (अंग्रेजी माध्यम हेतु)
**वेतन** – योग्यतानुसार
**प्रवक्ता पद** – 01 – हिन्दी प्रवक्ता T.G.T. P.G.T – एम.ए.हिन्दी/संस्कृत/बी.एड
**पद** – 01 गणित एम.एस.सी गणित & बी.एड
**पद** – 01 सामाजिक विषय अंग्रेजी माध्यम हेतु प्रशिक्षित स्नातक
**वेतनमान** – पांच अंको में
**आवेदन की अन्तिम तिथि** :– 28.03.2026 दिन शनिवार
**लिखित एवं साक्षात्कार** :– 29.03.2026 दिन रविवार समय :– प्रातः 10.00 बजे
**आवेदन शुल्क** :–100/– (एक सौ रूपये मात्र)
अखिलेश कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य — के.जी.अग्रवाल, प्रबन्धक
सम्पर्क सूत्रः– 9415145589,7007817097

### ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**फफूंद (औरैया)।** थाना क्षेत्र के गांव दूल्हा राय का पुरवा में मंगलवार को ससुराल आए एक युवक का शव बुधवार दोपहर गांव के बाहर खेत में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान जालौन जिले के डकोर निवासी धर्मसिंह के पुत्र महेंद्र के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब सात वर्ष पहले गांव निवासी स्वर्गीय गंगाराम की पुत्री छोटी से हुई थी। बीते 14 मार्च को छोटी अपने पांच वर्षीय बेटे के साथ मायके आई थी। मृतक की पत्नी छोटी ने बताया कि मंगलवार को पति महेंद्र भी ससुराल पहुंचा था। देर शाम किसी बात को लेकर पति-पत्नी व ससुराल पक्ष के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद वह घर से बाहर चला गया। बुधवार दोपहर ग्रामीणों ने गांव के पास स्थित बबलू यादव के खेत में लगे लभेड़े के पेड़ में रस्सी से बने फंदे से युवक का शव लटका देखा और इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को भी दे दी गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद–चित्रकूट**

पत्र संख्या– 3598/2025–26 दिनांक :– 18 मार्च 2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर तिलक परिषद चित्रकूटधाम द्वारा जिला पंचायत के सामने निर्मित दुकानों में से नीलामी द्वारा पूर्व में आवंटन के उपरान्त शेष दुकान सं0 08 से 18 तक व दुकान सं0 21 से 27 तक एवं 36, 37 एवं कचेहरी गेट के पास श्रीराम मार्केट ब्लाक ए प्रथम तल दुकान सं0 3.14.16 को किराये पर उठाये जाने हेतु नॉन–रिफण्डबिल प्रीमियम (पगडी) की खुली नीलामी हेतु बोली करायी जानी है। उक्त नीलामी बोली के इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकानों को किराये पर आवंटन चाहते हो वो व्यक्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में दिनांक 18 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 अपरान्ह 03 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क रू0 2000.00 नगद जमा कर प्राप्त कर दिनांक 25 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक सम्पूर्ण विवरण भरकर आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त निम्न विवरण के अनुसार तहसील सभागार में नियत तिथि व समय पर उपस्थित होकर जमानत धनराशि जमा कर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। दुकान नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्यालय के कर अनुभाग में किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अंकित तिथि के उपरान्त दुकान नीलामी से सम्बन्धित फार्म न ही ब्रिकी किये जायेगे एवं न ही जमा किये जायेगें।

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | रजिस्ट्रेशन फार्म शुल्क | जमानत धनराशि | निर्धारित मासिक किराया | नीलामी प्रीमियम (पगड़ी) की न्यूनतम विभागीय/बोली धनराशि | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला पंचायत के सामने निर्मित दुकान | 2000.00 (प्रति फार्म) | 50000.00 (प्रति दुकान) | 2000.00 (प्रति दुकान) | 800000.00 | 28 मार्च 2026 समय अपरान्ह 01 बजे तहसील सभागार कक्ष में |
| 2 | कचेहरी गेट के पास श्रीराम मार्केट ब्लाक ए प्रथम तल दुकान सं0– 3, 14, 16 | 2000.00 (प्रति फार्म) | 50000.00 (प्रति दुकान) | 2000.00 (प्रति दुकान) | 850000.00 | 28 मार्च 2026 समय अपरान्ह 01 बजे तहसील सभागार कक्ष में |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम

**प्रदर्शन** — धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल संयोजक नीरज राजपूत और जिलाध्यक्ष ओमजी पोरवाल ने किया

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के बैनर तले मंगलवार को धरना-प्रदर्शन के बाद मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के उपरांत प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन क्राइम इंस्पेक्टर शेर सिंह को सौंपा गया।

मंडी समिति परिसर में आयोजित धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल संयोजक नीरज राजपूत और जिलाध्यक्ष ओमजी पोरवाल ने किया। मंडल संयोजक नीरज राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 29 जुलाई 2011 को लागू हुआ था, जिसमें पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा संशोधित अधिनियम (संख्या 24, 2017) के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2025 में सभी शिक्षकों के लिए दो वर्ष के भीतर टीईटी अनिवार्य कर दिया है, जिससे लाखों शिक्षकों के सामने नौकरी का संकट उत्पन्न हो गया है।



मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ओमजी पोरवाल ने शिक्षकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन शिक्षकों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राठौर के नेतृत्व में केंद्र सरकार के जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया जा रहा है, वहीं कानूनी स्तर पर भी प्रयास जारी हैं। महामंत्री विनय वर्मा ने बताया कि देशभर से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों के साथ न्याय की मांग की जा रही है। धरना-प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने मंडी समिति से परमहंस बगिया तक मशाल जुलूस निकाल कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। इस मौके पर धर्मेंद्र अंबेडकर, नेत्रपाल सेंगर, शशिकांत गौतम, प्रवीण त्रिपाठी, राहुल यादव, नरेंद्र कुशवाहा, हेमंत प्रजापति, दीपक गुप्ता, लक्ष्मीकांत राजपूत, शरद कुमार, पंकज कुमार, हिमांशु गौतम, आशीष त्रिपाठी, वरुण कुमार, मुर्शीद सिद्दीकी, प्रशांत चौबे, अवनीश शाक्य, ओमकार गौतम, अमित कुमार, प्रशांत गुप्ता, आदित्य गुप्ता, शिवम पोरवाल, भरत यादव, शुभम पोरवाल, रविकांत, दुर्गेश कुशवाहा, सौरभ वर्मा, कुलदीप पोरवाल, मुहित सिद्दीकी, कल्पना पोरवाल, सुविधा राजपूत, अनीता राजपूत, हुदैबिया, रिजवाना आजमी, भानु गुप्ता सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली कटौती से छात्र-छात्राएं परेशान

**पौथिया।** पौथिया पावर हाउस से सुबह पांच बजे बिजली कटौती से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। वार्षिक परीक्षा के समय बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई नहीं पा रही है। वहीं टंकी से पानी की सप्लाई नहीं हो पाती है। जिससे लोगों को पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### युवक ने खाया जहर गंभीर हालत में रेफर

**मौदहा।** क्षेत्र के बक्छा गांव निवासी रामसहाय के पुत्र चुनकू (28) ने मंगलवार की देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजनों को जानकारी हुई और उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होता देख सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### घर के अंदर घुसकर युवक को पीटा

**राठ।** जरिया थाने के इटैलिया बाजा गांव में पुरानी रंजिश में पिता-पुत्रों ने घर में घुसकर एक युवक को जमकर पीटा। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। दयाशंकर ने बताया कि 11 मार्च को वह घर के बाहर दरवाजे पर बैठा था। उसी दौरान गांव के मनीराम, आकाश, विकास आए और गाली देने लगे। जब उसने रोका तो आरोपियों ने घर में घुसकर जमकर मारापीटा। थानाध्यक्ष ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### शादी में आए युवक पर हथियार से हमला

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव निवासी रामनरेश ने बताया कि बीती रात गांव के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था, तभी वहां पर मौजूद तीन लोगों ने लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से अचानक उस पर हमला कर दिया। उसका सिर फोड़ कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### गाड़ी टकराने पर युवक ने डंडे से पीटा

**मौदहा।** बुधवार दोपहर उपरौस बाजार में चार पहिया में बाइक की टक्कर लगने से विवाद हो गया। चार पहिया सवार लोगों ने डंडा लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। कार में पुलिस की वर्दी दिख रही थी। डंडा लिए व्यक्ति धौंस दिखा रहा था, जबकि कोतवाली के सिपाही असहाय बने बीचबचाव कर रहे थे। बीच बाजार इस घटनाक्रम से जाम की स्थिति पैदा हो गई। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी में टक्कर लगने से विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### शादी में बाधा डालने का आरोप, तहरीर

**बिवांर।** सायर गांव के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रिश्तेदारी होने के कारण मौदहा के अरतरा गांव के मनोज कुमार का आना-जाना है। उसने अपनी पुत्री की शादी सुमेरपुर के पलरा गांव में तय कर दी है। 21 अप्रैल को शादी है। शादी के कार्ड भी बंटने लगे हैं, लेकिन मनोज वर पक्ष को फोन कर गलत आरोप लगाते हुए शादी न करने का दबाव बना रहा है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसों में चार लोग घायल, 3 रेफर

**बिवांर।** राठ-हमीरपुर मार्ग पर छानी पेट्रोल पंप के पास बाइक व ट्रैक्टर की सीधी भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। निवादा गांव निवासी शिवराज (55) पुत्र सोम प्रकाश अपनी पत्नी सुशीला (50) व पारिवारिक भाई आकाश (22) पुत्र चुनूबाद के साथ बाइक से हमीरपुर की ओर जा रहे थे। छानी पेट्रोल के पहले सामने से आए ट्रैक्टर चालक ने धुलाई सेंटर की ओर अचानक मोड़ दिया, जिससे बाइक और ट्रैक्टर में सीधी भिड़ंत हो गई। बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से छानी सीएचसी पहुंचाया, जहां आकाश व शिवराज की हालत गंभीर होने के चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर कल्ला निवासी संध्या (15) पुत्री सोमप्रकाश साइकिल से छानी जाते समय मौरंग भरे ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गई। परिजन उसे छानी सीएचसी ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# गैस पर सियासी उबाल, महिलाओं का प्रदर्शन

## सपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सड़क पर उतरीं, सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर गैस वितरण प्रणाली पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करतीं सपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व सपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर हाथों में तख्तियां, बैनर और खाली गैस सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और गैस वितरण प्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की।

प्रदर्शन में राठ विधानसभा की सपा की पूर्व प्रत्याशी चंद्रवती वर्मा ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार लोगों को पहले आधार कार्ड व बैंक के बाद अब गैस सिलेंडर के लिये हर जगह कतारों में खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल बड़े लोगों के हित में काम कर रही है, जबकि पहले मुफ्त सिलेंडर देने का वादा किया गया था, जो अब महंगा हो गया है और लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है।

सपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव ने सरकार की नीतियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियां जनता पर जबरन थोपी जा रही हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर टिप्पणी करते हुए चुड़ियां दिखाएं और कहा कि जो पहले चूड़ियां भेंट करती थीं। वह अब जनता की समस्याओं पर चुप हैं।

बताते चलें कि जनपद सहित अन्य कई जिलों में इन दिनों गैस वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। विशेषकर ईद के कारण गैस की मांग बढ़ गई है, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। लोग तपती धूप में घंटों लाइन में खड़े होकर सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं, जिनमें रोज़ा रखने वाले लोग भी शामिल हैं। हालांकि गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और बेवजह भीड़ न लगाने की अपील की है।



मौदहा में गैस सिलेंडर लेने के लिए खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

### सिलेंडर नहीं मिलने से फैक्ट्री की कैंटीन बंद

**सुमेरपुर।** मध्य एशिया में युद्ध से गैस का संकट का असर उद्योग में पड़ने लगा है। कस्बे की जेके सीमेंट फैक्ट्री में व्यावसायिक सिलेंडर के अभाव में कैंटीन बंद करनी पड़ी। रिमझिम इस्पात लिमिटेड में गैस की जगह इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से कैंटीन चलाई जा रही है। गैस सिलेंडर की समस्या से उद्योग भी जूझ रहे हैं। जेके सीमेंट के मैनेजर अरुण कुमार दीक्षित ने बताया की व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिलने से फैक्ट्री की कैंटीन को बंद करना पड़ा है। इससे वर्करो को परेशानी हो रही है। इसी तरह रिमझिम इस्पात लिमिटेड के जन सम्पर्क अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया की व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति नहीं मिलने से कैंटीन को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से चलाने को मजबूर है। इसके अलावा अन्य उद्योगों में भी सिलेंडर के अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ओटीपी समस्या से उपभोक्ता परेशान

**मौदहा।** नगर में गैस वितरण पर ओटीपी की समस्या बड़ी परेशानी बन गई है। चार दिन में करीब एक हजार सिलेंडरों का वितरण किया गया, लेकिन ओटीपी न आने से लोगों को गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दिनभर उपभोक्ता अपने मोबाइल नंबर अपडेट कराने और बुकिंग के समाधान के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। एचपी गैस एजेंसी संचालक राजेंद्र मधुपिया ने बताया कि उनके यहां लगभग 20 हजार गैस कनेक्शन धारक हैं। पहले रोज करीब 250 सिलेंडरों की खपत होती थी, लेकिन कुछ दिनों से खपत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि गैस की कोई समस्या नहीं है, बल्कि ओटीपी न आने की वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते उन्हें बार-बार गैस ऑफिस आना पड़ रहा है।

### किसान को लाठियों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** खेत की रखवाली कर रहे किसान को दो भाईयों ने मिलकर लाठी से बेरहमी से पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहय्या निवासी बिंदावन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात वह अन्ना पशुओ से अपने खेत की रखवाली कर रहा था तभी गांव के पप्पू और मोनू पुत्रगण छोटेलाल लाठी लेकर आए और गाली गलौज कर कहने लगे कि तुम हमारे खेतों के चना उखाड़ रहे हो। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो दोनों भाइयों ने लाठी से बेरहमी से मारा-पीटा। पीड़ित ने बताया कि जब उसने शोर मचाया तो शोर सुनकर आसपास के खेतों में रखवाली कर रहे किसान आए तो दोनों भाई जान से मारने की धमकी देकर चले गए। जिसके बाद पीड़ित को एंबुलेंस के माध्यम से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कराने के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वामी ब्रह्मानंद की मूर्ति का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिला पंचायत को मिला नया झलकारी बाई सभागार
- जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में पारित हुए विभिन्न प्रस्ताव

**अमृत विचार।** जिला पंचायत परिसर स्थित स्वामी ब्राम्हनंद महाराज की मूर्ति का अनावरण एवं नव निर्मित झलकारी बाई सभागार का उद्घाटन जलशक्ति राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने वेद मंत्रोंच्चारण के साथ किया। इसके बाद जिला पंचायत बोर्ड बैठक में शामिल हुए।

जिला पंचायत परिसर में नया सभागार का निर्माण व स्वामी ब्रह्मानंद की मूर्ति की स्थापना कराई गई है। बुधवार को प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर स्वामी ब्रम्हानंद महाराज की मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इसके बाद नव निर्मित झलकारी बाई सभागार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, एडीएम राकेश कुमार, एएसपी मनोज कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।


स्वामी ब्रह्मानंद की मूर्ति का अनावरण करते प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

इसके बाद जिला पंचायत बोर्ड की बैठक प्रभारी मंत्री सम्मिलित हुए। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष-2026-27 की कार्य योजना को अंतिम रूप दिए जाने के लिए सभी सदस्यगणों से प्रस्ताव आमंत्रित किये गए। सदन द्वारा वित्तीय वर्ष- 2025-26 की कर सूची को अनुमोदित किया गया तथा जिला पंचायत की आय वृद्धि के दृष्टिगत पुरानी उपविधियों में संशोधन की अनुमति प्रदान की गई। विकसित भारत जी राम जी योजना वर्ष 2026-27 के श्रम बजट को भी पारित किया गया।

बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी उज्वल अम्बेश ने किया। बैठक में कुरारा ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, जिला पंचायत सदस्य लालाराम निषाद, जिला पंचायत सदस्य दुष्यन्त सिंह, हरिओम सेंगर, संतराम राजपूत, रामफूल निषाद, जिला पंचायत के कार्य अधिकारी शत्रुघ्न वर्मा, वित्तीय परामर्श दाता अंकिता सिंह, अभियंता संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### भविष्य में सहायक होती प्रारंभिक शिक्षा

**मौदहा।** ब्लॉक सभागार में चल रहे आंगनबाड़ी प्रशिक्षण के अंतिम दिन 'पोषण के साथ पढ़ाई 'थीम पर गीता, पुष्पा, रानी, सिमलेश, शैल, शांति आदि प्रशिक्षण प्राप्त आंगनबाड़ियों ने कहा कि बच्चों का मन मस्तिष्क कोरा कागज होता है। मां प्राथमिक पाठशाला होती है।

पोषण के साथ किन्नर गार्डन (खेल आधारित) शिक्षा के माध्यम से उच्च आदर्श मूल्य को स्थापित करने के लिए सही दिशा प्रारंभिक अवस्था में बच्चों के भविष्य निर्धारण में सहायक होती है। जिससे देश के स्वास्थ्य और सभ्य नागरिक बनाने में मदद मिलती है। आंगनबाड़ियों ने प्रशिक्षण के बाद संतोष जाहिर किया, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज नहीं किया। मुख्य सेविका पूजा सिंह ने बताया कि सौ -सौ आंगनबाड़ियों के दो बैच बनाते हुए थीम के आधार पर सुबह दस बजे से पांच बजे तक प्रशिक्षण दिया गया।

# पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष बनीं साध्वी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



- एक बार विधायक और दो बार सांसद रहीं निरंजन ज्योति

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा से समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

मूल रूप से जनपद के सुमेरपुर ब्लाक के पत्योरा गांव की रहने वाली साध्वी निरंजन ज्योति वर्ष 2012 में हमीरपुर विधानसभा से भाजपा की विधायक चुनी गईं थीं। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में साध्वी निरंजन ज्योति फतेहपुर से सांसद बनने के साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री बनीं। इस दौरान साध्वी निरंजन ज्योति जितना राजनीतिक रूप से सशक्त हुईं, उतनी ही धार्मिक रूप से उनके पद में बढ़ोत्तरी होती गई। साध्वी निरंजन ज्योति को महामंडलेश्वर की भी उपाधि प्रदान की गई। अब केंद्र सरकार ने साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया है। हालांकि उन्होंने पड़ोसी फतेहपुर जनपद को अपनी सियासी कर्मभूमि बना रखी है। इस नियुक्ति पर भाजपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। साध्वी निरंजन ज्योति के पैतृक गांव पत्योरा में भी जश्न जैसा माहौल है।

# त्योहार की बहार, बाजार गुलजार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ईद की आहट के साथ ही अब नगर के बाजारों में रौनक लौटती नजर आ रही है। मुख्य बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है और खरीदारी का सिलसिला देर रात तक जारी है।

ईद की तैयारियां जोरों पर है। बाजार में खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार में सेवइयों, कपड़ों और इत्र की दुकानों पर ग्राहकों की खासी भीड़ दिख रही है। दुकानदारों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। पिछले कुछ दिनों से सुस्त चल रहा कारोबार अब गति पकड़ने लगा है। युवाओं और महिलाओं में खरीदारी को लेकर उत्साह है। बच्चे भी ईद के मेले और झूलों का आनंद लेने के लिए उत्साहित हैं। व्यापारियों का कहना है कि जैसे-जैसे ईद नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे बाजारों में भीड़ बढ़ रही है, जिससे कारोबार में सुधार की उम्मीद जगी है।


बाजार में ईद के लिए सजी सिवई की दुकान। अमृत विचार

### चैत्र नवरात्र आज से, मंदिरों में तैयारियां पूरी

**मौदहा।** चैत्र नवरात्र पर नगर के बड़ी देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों की रंगाई-पुताई कर बिजली झालरों से सजाया गया है। मां दुर्गा के उपासक पूजा-अर्चना की तैयारियां में लगे हैं। गुरुवार से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है। भोर होते ही बड़ी देवी मंदिर में मां भक्तों के पूजा अर्चना के लिए तांता लगना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही नगर के ओरी तालाब स्थित देवी मंदिर, बड़े चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर व तहसील मार्ग पर स्थित देवी मंदिर पर भी पूजा अर्चना करने वाले भक्तों का दांत लगेगा। मंदिरों की रंगाई पुताई कर उन्हें बिजली की आकर्षक झालरों से मनमोहक अंदाज में सजाया संवारा जा रहा है। वही ग्रामीण क्षेत्र में खंडेह, सिसोलर, टिकरी, इचौली, रीवन, करहिया, कुनहेटा व सिलौली के देवी मंदिरों को सजाया गया है।

### मृत्यु निश्चित, पर उसे स्वीकारते नहीं

**मौदहा।** नायकपुरवा स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास स्वामी पंडित मनीष शुक्ला ने कहा कि मनुष्यों को कर्तव्य का बोध भागवत सुनकर ही होता है।

विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते है। प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है जबकि शरीर नश्वर है। भागवत बताती है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो, वही सच्ची भक्ति है। यहां कमला शिवहरे, नीरज, प्रेमचंद्र शिवहरे, गोवर्धन शरण, आचार्य राज शुक्ल, कमलेश शुक्ला, रामजी शिवहरे सचिन त्रिवेदी आर्गन, मयक शुक्ला तबला वादक आदि मौजूद रहे।

# छात्र के सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर स्कूल प्रबंधक ने किया सम्मानित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र रहे तरुण कुमार सोनी बने लेफ्टिनेंट
- बोले, मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत और लगन की जरूरत

**अमृत विचार।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के पुरातन छात्र तरुण कुमार सोनी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने पर खुशी छा गई। बुधवार को तरुण सोनी के स्कूल पहुंचने पर छात्रों, टीचरों, प्रधानाचार्य और प्रबंध समिति ने स्वागत किया।

वंदना कक्षा में आयोजित एक समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबंधक केजी अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मैयादीन सोनी, प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार समेत सभी टीचरों ने तरुण कुमार के गले में माला डाल बधाई दी। इस बीच प्रबंधक केजी अग्रवाल ने तरुण कुमार सोनी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट तरुण कुमार सोनी ने कहा कि किसी भी मुकाम को हासिल करने के लिए मेहनत और लगन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं है। बस उसे दृढ़ता के साथ करने की आवश्यकता है। आभार राजेंद्र पांचाल ने व्यक्त किया। संचालन सर्वेश कुमार ने किया।


लेफ्टिनेंट तरुण कुमार सोनी को सम्मानित करते प्रबंधक केजी अग्रवाल। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह** | प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

# एक साथ 475 जोड़ों ने चुना हमसफर, गूंजे मंगल गीत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कुछेछा के राजकीय महाविद्यालय में सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ। सामूहिक विवाह में प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने 475 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों में बारे में जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज का दिन अभूतपूर्व है। आज उत्तर प्रदेश सरकार के अभूतपूर्व 9 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 9 वर्षों में हमारी सरकार ने कई ऐसे कार्य किए हैं जो ऐतिहासिक हैं। इन 9 वर्षों में सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक तबके का ध्यान रखा गया है। आगे भी हमारी सरकार 'सबका साथ और सबका विकास' के महामंत्र को लेकर कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 1534.73 करोड़ की लागत से 60.69 किमी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे तथा 1012.23 करोड़ की लागत से 807 प्रमुख मार्गों पर 2194.28 किमी लंबाई की सड़कों का निर्माण व अनुरक्षण कराया गया है। विगत 9 वर्षों में रु 717.136 करोड़ की धनराशि 213125 किसानों में किसान सम्मान निधि के रूप में वितरित की गई है। 302.76 करोड़ की लागत से जनपद में बाईपास निर्माण के अंतर्गत यमुना नदी व बेतवा नदी सेतु एवं रोहन नाले का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही जिले से निराश्रित विधवा पेंशन के 18000 एवं वृद्धावस्था पेंशन के 53593 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। जनपद में 24398 पीएम आवास ग्रामीण, 13136 पीएम आवास शहरी एवं 2815 सीएम आवास पूर्ण कराए गए हैं। कहा कि हमारी सरकार युवाओं, महिलाओं और किसानों के विकास के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, राठ विधायक राठ मनीषा अनुरागी, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, डीडीओ राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


सामूहिक विवाह के पंडाल में रस्मे निभाते वर-वधू। अमृत विचार


वर-वधू को आशीर्वाद देते प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद व अन्य। अमृत विचार

### सिफारिश के बाद शादी, उपहार का सामान रोका

**सुमेरपुर।** कुछेछा के राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सूची से नाम हटाए जाने के बाद पूर्व प्रधान के प्रयास से खंड विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वर वधू को बुलाकर विवाह संपन्न कराकर प्रमाण पत्र प्रदान किया है। अन्य औपचारिकता के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। ग्राम पंचायत मवई जार के निवासी सूरज प्रसाद ने अपनी पुत्री मुस्कान देवी के विवाह के लिए 16 फरवरी को आवेदन किया था। मुस्कान देवी की शादी महोबा जनपद के पनवाड़ी ब्लॉक के भरवारा निवासी कल्पित कुमार खरे के साथ तय हुई थी। सूरज प्रसाद ने बताया कि सामूहिक विवाह की जारी की गई सूची में उसकी पुत्री का नाम नहीं था। यह बात उन्होंने पूर्व प्रधान महेश चंद्र शिवहरे को बताई और मदद मांगी। मंगलवार को देर शाम पूर्व प्रधान ने समस्या से खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार को अवगत कराया। खंड विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को समस्या से अवगत कराया। समाज कल्याण अधिकारी के निर्देश पर वर-वधू को बुलाकर बुधवार को विवाह संपन्न कराकर प्रमाण पत्र दिया गया है। खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि नकदी एवं उपहार का सामान आदि देने के लिए 3 दिन का समय मांगा गया है।


शादी का प्रमाण पत्र दिखाते वर-वधू।

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026
महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### तीन नगर पंचायत सदस्य नामित

**कुलपहाड़।** नगर पंचायत में तीन सभासद नामित किए गए, जिनमें राकेश भट्ट, सुरेंद्र कुमार सक्सेना और रामकुमार खटीक शामिल हैं। तीनों सदस्यों के मनोनीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया और उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सक्सेना, नगर मंडल अध्यक्ष प्रथम राकेश अरजरिया, भूपेंद्र सिंह चंदेल, दिनेश चौरसिया, काशीप्रसाद अहिरवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनवेंद्र सिंह, दुर्गेश सोनी, अशोक अग्रवाल, आनंद द्विवेद, इमाम बख्श, गौरव अग्रवाल, रवींद्र उपाध्याय, मनोज चौबे आदि ने उन्हें बधाई दी।

### बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**कुलपहाड़।** बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना.का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया, वह 65 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना मिलने पर बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के अधिवक्ताओं, शुभचिंतकों व ईष्ट मित्रों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। पूर्व अध्यक्ष के निधन पर पत्नी भुवन देवी, दो पुत्र व पुत्र वधू और पुत्रियां बिलखती रहीं। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में अधिवक्ताओं और नागरिकों ने शिरकत कर गमगीन आंखों से अंतिम विदाई दी। उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा।

### पैर फिसलने से ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**बेलाताल।** झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के गेट पर खड़े एक यात्री का पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और यात्री को जैतपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेलाताल निवासी धर्मेंद्र (35) पुत्र धूराम रैकवार अपनी बुआ के यहां महोबा गया था। बुधवार को वह ट्रेन से वापस गांव लौट रहा था, तभी बेलाताल से पहले एसके महाविद्यालय के पास उसका पैर फिसल गया, जिससे वह ट्रेन के नीचे गिरकर घायल हो गया। यात्रियों ने ट्रेन को रोककर उसे नीचे से उठाकर ट्रेन में डाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर से मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन रो-रोकर बेहाल रहे।

# राष्ट्रीय एकता के लिए सभी वर्ग साथ आएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- विकास भवन सभागार में जिला एकीकरण समिति की बैठक

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि होली, ईद, रामनवमी के पुनीत अवसर पर सामूहिक रूप से आपसी मेलजोल से मनाये जाने के लिए एकीकरण समिति संवेदनशीलता पूर्वक कार्य कर रही है। वह विकास भवन सभागार में जिला एकीकरण समिति की बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखण्डता को अक्षुण रखने एवं राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित कराने के लिए समाजिक सौहार्द पर बल दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने समाजिक बन्धुता, सौहार्द, सर्वधर्म समभाव एवं राष्ट्र की गरिमा को समृद्ध किये जाने के लिए सभी वर्गों को मिलजुल कर भागीरथी प्रयास किये जाने के विचार व्यक्त किये गय। मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार ने उपस्थित गणमान्य समाज सेवियों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक का संचालन जिला विकास अधिकारी पंकज यादव ने किया।

बैठक में ग्रामोन्नति संस्थान की कल्पना खरे, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, ज्ञानेश अवस्थी, रामजी गुप्ता, दवेंद्र सिंह, भारतीय उद्योग के जिलाध्यक्ष मनु गुप्ता, साईं डिग्री कालेज प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी, गुरूद्वारा कमेटी के सरदार जसपाल सिंह, शरद तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार तक पहुंचा फसल बीमा घोटाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने कृषि राज्यमंत्री से मिलकर पूरा मामला बताया
- महोबा और हमीरपुर में घोटाले की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने की मांग उठाई



कृषि राज्यमंत्री को जांच के लिए पत्र देतीं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड में हुए बहुचर्चित फसल बीमा घोटाले का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर गूंजने लगा है। मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भगीरथ चौधरी से मुलाकात कर एसआईटी के गठन कराए जाने की मांग उठाई है। चरखारी में सीमा पटनाहा सिंह ने किसानों के साथ बैठक कर मामले को समझा और फिर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री को फसल बीमा घोटाले से संबंधित पत्र सौंपा।

महोबा और हमीरपुर जिलों में हुआ फसल बीमा घोटाला अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। चरखारी कस्बे आई सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा से मिलकर किसानों ने समस्या बताई। किसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं। वन विभाग की भूमि, बंजर क्षेत्र, तालाबों की जमीन और यहां तक कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमि को भी फर्जी तरीके से कृषि योग दर्शाकर बीमा कराया गया और बाद में अवैध रूप से क्लेम निकाले गए।

उन्होंने इस पूरे प्रकरण को एक संगठित आर्थिक घोटाला बताते हुए कहा कि इसमें विभिन्न स्तर पर मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

सीमा पटनाहा सिंह ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल वित्तीय अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे किसानों के अधिकारों और सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रहार है। उन्होंने बताया कि फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करना है, लेकिन इस प्रकार के फर्जीवाड़े से वास्तविक लाभार्थी किसान वंचित रह जाते हैं। महोबा और हमीरपुर क्षेत्र के किसान लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर आंदोलनरत हैं। किसानों का आरोप है कि अब तक की जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है और कार्रवाई महज औपचारिकता तक सीमित रही है। इससे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय असंतोष अब व्यापक जनआक्रोश का रूप लेता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने कहा कि इस प्रकरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अथवा एसआईटी को सौंपी जाए।

# खनन माफिया को ग्रामीणों ने दौड़ाया

## ग्रामीणों ने डंपर-चालक को पकड़ थाने में सौंपा, सूचना पर नहीं पहुंची सूपा चौकी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, महोबा



पुलिस को शिकायती पत्र देने चरखारी थाने पहुंचे ग्रामीण।



पकड़े गए ट्रैक्टर के साथ खड़े अधिकारी। अमृत विचार

- खेत पर खनन किए जाने से किसानों में भड़का गुस्सा
- ग्रामीणों की घेरेबंदी देख भागा माफिया, वाहन दौड़ाए

**अमृत विचार।** सूपा गांव में एक खेत से अवैध तरीके कर मौरंग की खुदाई करते समय किसानों ने जेसीबी और डंपर चालकों को दौड़ा लिया। अफरा-तफरी के बीच किसानों ने एक डंपर चालक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि एलएनटी और अन्य चालक डंपर लेकर भाग निकले। किसानों ने चरखारी एसडीएम के साथ पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। किसानों ने आरोप लगाया कि सूपा चौकी पुलिस और माफिया की मिलीभगत से खेल चल रहा है।

चरखारी तहसील के सूपा गांव निवासी मनीराम, रामकुंवर, मोहन, शरण, शंकर ने एसडीएम व थाने की पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके गाटा संख्या 4273 में खेत है, जहां खनन माफिया खुदाई कर रहे थे। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को एकत्र किया और अवैध रूप से मौरंग निकाले जाने की सूचना सूपा पुलिस चौकी को दी, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी रही। इसके बाद किसानों ने स्वयं ही खनन माफिया को घेरने का प्लान बनाया। किसानों ने बताया कि खनन माफिया को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन माफिया दबंगई दिखाते हुए विवाद करने लगे। ग्रामीणों की भीड़ आती देख मौरंग माफिया एलएनटी मशीन व कुछ डंपर लेकर भाग खड़े हुए। किसानों ने पीछा करते हुए बिना नम्बर प्लेट के एक डंपर और उसके चालक को दबोच लिया और फोन कर सूपा चौकी को सूचना दी, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद किसान डंपर चालक को लेकर चरखारी थाने पहुंचे। इस दौरान किसानों ने पूरे मामले का वीडियो भी बनाया, जिसे प्रशासन के समक्ष पेश किया गया। उपजिलाधिकारी का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### संयुक्त टीम ने पत्थर से भरा ट्रैक्टर पकड़ा

**कुलपहाड़।** राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पत्थर से भरा एक ट्रैक्टर पकड़कर कोतवाली में खड़ा करने बाद विभागीय कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार के निर्देश पर राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। नायब तहसीलदार पंकज गौतम, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार ने बताया कि कोतवाली के उपनिरीक्षक कृष्णा वैश्य के साथ नगर क्षेत्र में पत्थर से भरा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया है। पकड़ा गया ट्रैक्टर चालक कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सका, जिस कारण ट्रैक्टर को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कर विभागीय कार्रवाई की गई है।

### एडीएम ने पालिका का किया निरीक्षण

**महोबा।** नगर पालिका परिषद चरखारी का अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं निकाय प्रभारी मुईनुलइस्लाम ने वार्षिक निरीक्षण किया। सभासदों ने पीएम आवास योजना में एक भी पात्र व्यक्ति की राशि न आने की शिकायत की और जांच कराने की मांग की।

अपर जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर, आईजीआरएस की प्रगति, निस्तरण अवधि की जांच, जन्म मृत्यु रजिस्टर, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि पटलों का मुख्य रूप से निरीक्षण किया। जन्म मृत्यु पटल के निरीक्षण दौरान निर्धारित समय के भीतर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के निर्देश दिए। बकाया वसूली में तेजी लाने पर जोर दिया। निरीक्षण दौरान नगर पालिका कार्यालय पहुंचे सभासदों ने प्रधानमंत्री आवास के संबन्ध में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि सरकार ने पूरे प्रदेश में 90 हजार लाभार्थियों के खाता में पीएम आवास की प्रथम किश्त की राशि भेज दी साथ ही महोबा कुलपहाड़ खरेला कबरई हर निकाय में लोगों को किश्त भी प्राप्त हो गई है, लेकिन चरखारी में किसी भी लाभार्थी के बैंक खाते में किश्त का पैसा न आने पर उनमें नाराजगी व्यक्त है।

# अश्लील वीडियो से आहत होकर महिला ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कबरई क्षेत्र के बरीपुरा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला शव
- परिजनों ने एक युवक पर वीडियो वायरल करने का लगाया आरोप
- मामले की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस, आरोपी युवक की तलाश

**अमृत विचार।** कबरई विकास खंड क्षेत्र के बरीपुरा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक महिला का संदिग्ध हालात में शव पड़ा मिला। परिवार वालों ने एक युवक पर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने से आहत होकर आत्महत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को आरोपी युवक की तलाश है।

कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली रेखा विश्वकर्मा का का शव मंगलवार की शाम बरीपुरा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला, जिससे ग्रामीणों में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने पुलिस को शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के साथ महिला के परिजनों को जानकारी दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेलवे ट्रैक पर रेखा का शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रेखा के पति माहेश्वरीदीन और भाई संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि रैपुरा निवासी एक युवक पिछले छह महीने से रेखा को परेशान कर रहा था। उसने रेखा का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिससे वह मानसिक रूप परेशान हो गई थी।



रेखा विश्वकर्मा।

परिजनों का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद लोकलाज के डर और मानसिक प्रताड़ना के चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर पूरे मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा।

# अनियमितता पर ग्रेनाइट प्लांट सीज

कार्यालय संवाददाता, महोबा



ग्रेनाइट में छापामारी करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में अवैध खनन और राजस्व चोरी रोकने के लिए सदर एसडीएम शिव ध्यान पांडेय के नेतृत्व में खनिज, राजस्व और एआरटीओ की संयुक्त टीम पत्थर उद्योग मंडी कबरई में छापेमारी की। टीम ने क्षेत्र के स्थापित ग्रेनाइट प्लांटों की चेकिंग करते हुए राघव ग्रेनाइट प्लांट में तमाम अनियमितताएं पाए जाने पर सीज कर दिया गया। टीम के इस अभियान के चलते ग्रेनाइट प्लांट संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

छापेमारी दौरान राघव ग्रेनाइट में टीम के समक्ष्या कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि प्लांट से बिना नंबर के ट्रकों और डंपरों के जरिए गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था साथ ही ओवरलोडिंग और राजस्व चोरी के माध्यम से सरकार को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। छापामारी कार्रवाई दौरान कुछ कर्मचारी गिट्टी से भरे ट्रक लेकर मौके से फरार हो गए। प्रशासन ने नियमों की अनदेखी और मानकों के उल्लंघन को देखते हुए तत्काल प्रभाव से प्लांट को सीज कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। एआरटीओ विभाग अब बिना नंबर वाले वाहनों की पहचान करने में जुटा है, जबकि पुलिस और खनिज विभाग पूरे नेटवर्क की जांच कर रहे हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध खनन, ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। संदिग्ध क्रेशर प्लांटों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी ने परीक्षा का किया निरीक्षण

**महोबा।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में 25 मार्च तक संचालित रिक्रूट आरक्षियों की आरटीसी कोर्स की अंतर्विषयक अंतिम परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों, को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी ने निर्देश देते हुए कहा कि समस्त इंडोर परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाएं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा में प्रयुक्त की जा रही ओएमआर शीट के संबन्ध में पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से ध्यान देते हुए कहा कि अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट भरने की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझाई जाए।

# जामा मस्जिद में 28वें रोजे पर कुरान मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर की जामा मस्जिद में तरावीह में 28वें रोजे को कुरान मुकम्मल हो गया। खत्मुल कुरान के मौके पर मस्जिद में लोगों की खासी भीड़ रही। हाफिज ने कुरान की अजमत पर रोशनी डाली और नातिया कलाम भी पेश किए। तरावीह खत्म होने के बाद फातिहा हुई।

शहर की जामा मस्जिद कत्तिपुरा में हाजी हाफिज अब्दुल खालिक ने रमराज का चांद नजर आने के बाद इशा की नमाज के बाद तरावीह शुरू की जो 28वें रोजे को कुरान के आखिरी पारा सुनाने के साथ कुरान मुकम्मल किया गया। तरावीह के आखिरी दिन हाफिज को मस्जिद कमेटी के अलावा मुस्लिम भाईयों ने फूलमाला पहनाकर कुरान पूरा करने की बधाई दी साथ ही नजराना पेश किया। इस मौके पर महफिल ए मिलाद का प्रोग्राम किया गया जिसमें नात ख्वां.हजरात ने नातिया कलाम पेश किया। काजी ए शहर सैयद आफाक हुसैन ने खिताब करते कहा कि कुरान एक ऐसी सच्ची किताब है जिस में किसी तरह का कोई शक नहीं किया जा सकता। कहा कि आज से चौदह सौ साल पहले कुरान नाजिल हुआ था वही कुरान आज भी मौजूद है और इसे न मिटाया जा सकता है और न ही बदला जा सकता है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पुत्र छोटे का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। गलत आचरण व कार्य व्यवहार को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिए है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **रामकिशन पुत्र महादेव निवासी ग्राम-अमौली, तहसील डेरापुर, थाना रूरा, जिला कानपुर देहात।**

**सूचना**
मेरा नाम एलआईसी पॉलिसी संख्या 2369877 30 मे नाम कान्ती देवी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर है। दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर ग्राम आबर (पैगापुर), पोस्ट खजुरिया, जनपद बलरामपुर।**

**सूचना**
मैं अफसर अली पुत्र नुसरत अली निवासी सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरी जन्मतिथि 13.06.1985 है। जो आधार, पैन कार्ड में दर्ज है, पूर्णतया सत्य है। **अफसर अली पुत्र नुसरत अली सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज, गोण्डा।**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD RIJAVAN से बदलकर MOHD RIZWAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - MOHAMMAD JAN ADD-KARANDHA, PO-SUNDHIYAMAU, DIST-BARABANKI-225305(U.P)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सोनापती पत्नी रामरंग था, जबकि अभिलेखों में गंगादेई पत्नी रागरंग निवासी ग्राम व पो. गंगाजमुनी विशेश्वरगंज बहराइच है, सोनापती व गंगादेई उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं, अब गंगादेई के नाम से जाना जायेगा। **गंगादेई पत्नी रामरंग पोस्ट गंगाजमुनी विशेश्वरगंज बहराइच।**

**सूचना**
संघप्रिय सत्यार्थी पुत्र श्री कृष्ण सत्यार्थी निवासी 134 ब्लॉक G EWS 04 गुजैनी कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (28/KUDP/विक्रय/87 दिनांक 26.06.1987) एवं मूल कब्जा पत्र खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 9839741304

**NOTICE**
Shapathini Annu Singh, wife of Ashok Singh, is a resident of Gurudin kheda Jajamau, Unnao. Shapathini has a savings account with Indian Bank, Chamrauli, Unnao, with account number 50130673703. Shapathini's name in the account is Shail Kumari, while her Aadhaar and PAN cards show her as Annu Singh. Both Annu Singh and Shail Kumari are Shapathini's names. **Shapathini is known and referred to by both names. Annu Singh W/o Ashok Singh Gurudin kheda Jajamau aadhar number Annu singh 429408863275.**

**सूचना**
मैं FIRDOUS JAHAN RAYEEN पत्नी श्री GULAM SABIR RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला – लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR कर लिया है, अतः आज से मुझे FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैं GULAM SABIR RAYEEN पुत्र श्री HAJI MOHAMMAD SIDDIQUE RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला–लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर GULAM SABIR S/O MOHAMMAD SIDDIQUE कर लिया है, अतः आज से मुझे GULAM SABIR S/O MOHAMMAD SIDDIQUE के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

चैत्र नवरात्र आज से

मंदिरों परिसरों में बैरीकेडिंग लगाकर दर्शन की व्यवस्थाएं, घरों में भी मां की ज्योति जलाने की तैयारी

# मां भगवती की आराधाना के लिए सज गए देवी मंदिर

संवाददाता कार्यालय, महोबा



रंग-रोगन कर तैयार किया गया मां चंद्रिका देवी मंदिर।



मंदिर रोड पर लग गईं दुकानें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। देवी मंदिरों में रंगाई-पुताई कराकर तैयार कर दिया गया है। शहर के बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ जुटने के कारण यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए मंदिर के बाहर बैरीकेडिंग की भी व्यवस्था की गई है। वहीं तमाम लोग अस्थाई दुकानें लगाकर पूजा सामग्री व अन्य सामग्री बेचने की तैयारी में लगे हैं।

19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों के आस-पास साफ सफाई कराकर मंदिरों में झालर व सजावट का कार्य तेज गति से चल रहा है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने देवी मंदिर परिसर में अभियान चलाकर सफाई कराई जा रही, जिससे पूजा अर्चना करने के लिए जाने वाले लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। बड़ी चंद्रिका देवी मार्ग के दोनो तरफ बांस बल्ली लगाकर दुकानदारों ने अस्थाई दुकानें तैयार की जा रहीं है। तमाम देवी मंदिरों में बिजली की आकर्षक सजावट की गई है।

चैत्र नवरात्र का पर्व गुरुवार से शुरू हो रहा है। समापन 27 मार्च यानी रामनवमी तिथि पर होगा। इस दौरान मां दुर्गा और उनके नौ अवतारों की पूजा भाव के साथ करते हैं, जिससे भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर गेट के सामने हाईवे पर श्रद्धालुओं को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए पुलिस ने आगे पीछे कई कई बैरियर लगा दिए हैं, जिससे हाईवे से मंदिर आने जाने वाले लोगों को असुविधा न हो।

### बड़ी चंद्रिका मंदिर में सुरक्षा के इंतजाम

- नवरात्र पर्व को लेकर शहर की बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, जिसके चलते बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। हाईवे से लेकर मंदिर परिसर तक मार्ग में कई स्थानों पर महिला और पुरुष पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हाईवे पर मंदिर गेट के पास दोनों तरफ पुलिस ने अस्थाई बैरीकेडिंग की है, जिससे हाईवे पर मंदिर गेट से पहले वाहन धीमी गति से निकल सकें।

### चैत्र अमावस्या पर लगाई परिक्रमा

**महोबा।** विक्रम संवत 2082 के अंतिम दिन बुधवार की सुबह चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई और नव संवत्सर 2083 में विश्व को युद्ध व विनाश की विभीषिका से बाहर निकालने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि परिक्रमा पठवा के हनुमान जी, महावीरन, दुर्गा माता, केदारेश्वर, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, खोखो माता, शनिदेव, राम दरबार, छोटी चंडिका, वैष्णो देवी, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव में संपन्न हुई। परिक्रमा में दिलीप जैन, देवेंद्र पुरवार, मनीष जैदका, गया प्रसाद, महेन्द्र, जागेश्वर, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, मनोज तिवारी, नितिन द्विवेदी, कुक्कू शिवहरे, अमित, शिवम, रवि आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

### दुर्बल वर्ग के बच्चों के स्कूलों में चयन की प्रक्रिया पूरी

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि जिले में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में दुर्बल वर्ग के बच्चों के प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की लॉटरी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसमें 208 आवेदनों में जांच के बाद 46 आवेदन निरस्त हुए। बाकी की लाटरी निकाली गई और इसमें 121 का चयन हुआ।

### परख के परिणामों पर कार्यशाला संपन्न

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के परिणामों को साझा करने के लिए दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला हुई। इसमें समन्वय संदर्भदाता/ प्रवक्ता सौरभ चन्द्र सविता, प्रवक्ता हेम सिंह तथा एआरपी मनोज शुक्ला ने किया। डायट प्राचार्य बीके शर्मा ने कहा कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण शिक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण दर्पण के समान है, जो हमें विद्यार्थियों के वास्तविक अधिगम स्तर को समझने और शिक्षण प्रक्रियाओं में आवश्यक सुधार करने का अवसर प्रदान करता है।

### पर्यटक सुविधा केंद्र संबंधी परियोजना का जायजा लिया

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को हवाई अड्डे के समीप देवांगना घाटी बॉर्डर में प्रस्तावित पर्यटक सुविधा केंद्र/डोरमेट्री निर्माण का मौका मुआयना किया। परियोजना की कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, इकाई-13, बांदा है। इस मौके पर डीएम ने सभी काम मानकों के अनुरूप संपन्न कराने, फर्नीचर एवं फर्निशिंग कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ करने, निर्माण स्थल पर प्रतिदिन रजिस्टर में इंट्री करने, काम के दौरान संबंधित एजेंसी द्वारा नियमित निरीक्षण करने और परियोजना को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

### 25 मार्च तक बिल दें जिससे हो सके भुगतान

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि प्रदेश के कोषागारों में आनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली के मद्देनजर कोषागारों से देयकों के समय से भुगतान के निर्देश निर्गत किए गए हैं। इसके तहत सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कोषागारों में सभी बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 25 मार्च तक अवश्य दे दें, जिससे चेकिंग के बाद इनको पास किया जाए।

### कौशल काल सेंटर का किया जाए व्यापक प्रचार-प्रसार

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि 18 फरवरी को विभागीय मंत्री ने कौशल काल सेंटर का उद्घाटन किया है। इसका उद्देश्य आम जनमानस को मिशन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना और शिकायत या सुझाव को प्राप्त करना है। काल सेंटर का नंबर 0522-3619292 है। उन्होंने निर्देशित किया है कि तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी के माध्यम से तथा विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से कौशल काल सेंटर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

### फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण का समापन

**चित्रकूट।** डायट में जनगणना के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण और गणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अपर जिलाधिकारी ने सभी को प्रमाणपत्र दिए।

### ग्राम प्रधानों को कराया एक्सपोजर विजिट

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास खंड के गांवों के प्रधानों को मानिकपुर जल जीवन मिशन के अंतर्गत रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का अगरहुंडा स्थित 29 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस दौरान स्वप्निल कुमार यादव अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अरविंद कुमार मिश्रा ब्लाक प्रमुख मानिकपुर, पवन कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी मानिकपुर, सुनील शुक्ला प्रधान संघ मानिकपुर के अध्यक्ष और प्रधान व उप्र जल निगम (ग्रामीण) के अभियंता आदि मौजूद रहे।

# सोलर प्लांट के लिए भूमि देने वालों को मुआवजे का इंतजार

## आरोपः दिए गए चेक भी बाउंस, बिजली की आत्मनिर्भरता के लिए राजापुर तहसील के ग्राम पंचायत छीबों में बने दो सोलर प्लांट का मामला

संजय साहू/हरी नारायण पांडेय
चित्रकूट

**अमृत विचार।** उप्र सरकार चित्रकूट जिले में बिजली की आत्मनिर्भरता के लिए राजापुर तहसील के ग्राम पंचायत छीबों में दो सोलर प्लांट लगाए गए। इस बड़ी उपलब्धि के दामन में ऐसे दाग भी लगे हैं जिसकी पीड़ा केवल उन किसानों को हो रही है जिन्होंने इस प्लांट के निर्माण के लिए अपनी जमीन कंपनी को बेची है। इनका कहना है कि अभी तक मुआवजा नहीं मिला और चेक भी बाउंस हो गए।

अपनी जमीन गंवा चुके किसान सोलर कंपनी द्वारा दिए गए उन चेकों को आज भी संभाल कर रखे हैं, जिन्हे बैंक ने बाउंस होने की बात कहकर वापस कर दिया था। आज भी किसान मुआवजे के धन के लिए इधर उधर भटक रहे हैं लेकिन उन्हें कहीं से आश्वासन तक नहीं मिल रहा है। कहा तो यहां तक जाता है कि जिस सोलर प्लांट बनाने के लिए ग्रामीणों ने अपनी खेती लायक कीमती जमीन उन्हें बेच दी उसी के कर्मचारी बिचौलियों से मिलकर किसानों को नौकरी का झांसा देकर उनकी जमीन का बैनामा करा लिया और चले गए। अपने पैसों के लिए किसान हर स्तर के अधिकारी से लेकर राजनीतिक नेताओं एसडीएम से लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी तक को पत्र देकर गुहार लगा चुके हैं। उन्हें आश्वासन तक कहीं से नहीं मिला। उधर अपनी जमीन गंवा चुके किसान कोठारी, चोल्हा प्रजापति, राजकरन इत्यादि किसानों का आरोप है कि सोलर प्लांट के लोगों ने उनकी कीमती जमीन खरीदी और नकद पैसे देने की जगह चेक थमा दिया था जो बैंक में बाउंस हो गया। इनका दर्द है कि हमारी तो जमीन भी चली गईं और आज तक उसका पैसा हमें नहीं मिला।








छीबों में लगा सोलर प्लांट। वहां लगा शिलापट। बाउंस चेक दिखाते गांव के किसान। अमृत विचार

### दो सोलर प्लांट हैं छीबों में

- जानकारी के अनुसार छीबों में दो सोलर प्लांट लगे हैं। एक सोलर प्लांट अडानी सोलर एनर्जी के नाम से सोलर प्लांट है, जो किसानों की जमीन किराये पर लेकर उन्हें प्रति बीघे आठ से 10 हजार वार्षिक किराये की दर पर प्लांट तैयार किया है तो दूसरा सुखबीर एग्रो एनर्जी के नाम से है, जिसने बिचौलियों ने किसानों से प्रति बीघे तीन लाख की दर से किसानों की खेती लायक उपजाऊ जमीन की खरीद की। आरोप है कि स्टांप शुल्क बचाने के चक्कर में धोखाधड़ी कर दो लाख प्रति बीघे की दर दिखा कर उस जमीन का बैनामा करा लिया। बाद में सोलर कंपनी को आठ लाख प्रति बीघे की दर पर बेंच दिया।

### समाजसेवी ने लगाए आरोप

- गांव के समाजसेवी सारंगधर मिश्रा ने सोलर कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग 18 करोड़ की जमीन खरीद कर इस सोलर कंपनी ने बड़े बैंकों को जमीन गिरवी रख कर उनसे बिजनेस के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपये लेकर लाभ कमा रहे हैं। जिन किसानों ने अपनी कीमती उपजाऊ जमीन दी, वे बाउंस चेक लेकर भटक रहे। नियम तो यह था कि खेती लायक जमीन सोलर प्लांट के लिए कदापि न खरीदी जाए। ऊबड़ खाबड़ ऊसर जमीन ही किसानों से खरीदी जाये लेकिन यहां तो कदम कदम पर नियम कानून को रौदते हुए ग्राम पंचायत तक की सरकारी जमीन पर इस सोलर कंपनी ने कब्जा कर रखा है।

### बोले जिम्मेदार...

- इस संबंध में सुखबीर एग्रो एनर्जी सोलर प्लांट के साइट इंचार्ज विनोद कुमार यादव ने बताया कि यह प्लांट 50 मेगावाट का है इसके निर्माण में लगभग 800 बीघे जमीन लगी है। चूंकि ब्रोकर के थ्रू अर्थात बिचौलिए के माध्यम से किसानों से जमीन ली गईं है इसलिए इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। हां इतना जरूर है कि ज्यादातर लोगों ने अपनी जमीन स्वेच्छा से कंपनी को दी है।
- अडानी सोलर एनर्जी के कंप्यूटर इंचार्ज दीपक सैनी ने बताया कि 75 मेगावाट का सोलर प्लांट है। 490 एकड़ जमीन अर्थात 1200 बीघे जमीन में यह प्लांट फैला है। बताया कि किसानों से 30 वर्ष की लीज पर प्रति बीघे आठ से 10 हजार रुपये वार्षिक पर दिया जा रहा है।

### 24 दावों पर 1.08 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृति

**चित्रकूट।** डीएम पुलकित गर्ग ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबंधी बैठक ली। 24 दावों पर 1 करोड़ 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता को मंजूरी दी गई।

डीएम ने बताया कि प्रदेश के किसानों को मृत्यु अथवा पूर्ण शारीरिक अक्षमता की स्थिति या दोनों पर मानक अनुसार सहायता दी जाती है। एक हाथ या एक पैर की क्षति, स्थायी दिव्यांगता 50 प्रतिशत से अधिक पर 100 प्रतिशत से कम होने पर 50 प्रतिशत सहायता एवं स्थायी दिव्यांगता 25 प्रतिशत से अधिक और 50 प्रतिशत से कम होने पर 25 प्रतिशत सहायता का प्राविधान है। योजना के तहत 18 वर्ष से 70 वर्ष की आयु के खातेदार, सहखातेदार, बटाईदार एवं पट्टेदार कृषकों अथवा उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता दी जाती है। बैठक में तहसील मऊ के 11, मानिकपुर के आठ दावा व तहसील राजापुर के पांच दावों को मंजूरी दी गई। स्वीकृत धनराशि संबंधित इनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाएगी।

# अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, गृहस्थी और मवेशी जले

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत रामपुर के मजरे बेलरी में बीते दिन अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे घर की सामग्री के साथ बेजुबान पशु भी जल गए।

उदयभान विश्वकर्मा के कच्चे घर में लगी आग पर पड़ोसियों की मदद से काबू पाया गया। बेलरी मार्ग पर पड़ने वाली झुरही नदी के कारण दमकल की गाड़ी गांव नहीं पहुंच सकी इसलिए पीड़ित परिवार का नुकसान हो गया। मकान में रखी गृहस्थी की सामग्री समेत घर में बंधी बकरी और गाय भी जलकर मर गईं। इस दौरान लेखपाल और ग्राम प्रधान रामपुर रामकेश यादव मौके पर गए और उन्होंने प्रभावित परिवार को अनाज और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के समय मकान में कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



आग के बाद जली गृहस्थी। अमृत विचार

### अप्रैल से चलेगा प्राकृतिक जलस्रोतों का सफाई अभियान

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** चंद्रेश इंटर कालेज में समाजसेवियों और विद्यार्थियों ने पेयजल समस्या पर समाधान संगोष्ठी की। इसमें अप्रैल माह में प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। एसडीएम रामऋषि रमन ने प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने मोहना नदी के पुनर्जीवन के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू होने की जानकारी दी। वन दरोगा महेंद्र प्रताप सिंह ने भी सफाई अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। समाजसेवी श्यामनारायण शुक्ल ने बताया कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जल स्रोतों की सफाई का अभियान चलेगा। संगोष्ठी का संचालन मनीष सिंह ने किया। इस दौरान अजय वर्मा, अनूप मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, डा. सत्यनारायण कोल आदि रहे।

# तुलसीतीर्थ में चला अतिक्रमणरोधी अभियान

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के मानस धाम में बुधवार को अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव ने की।

बुधवार को चैत्र नवरात्रि एवं रमजान व ईद को देखते हुए मद्देनजर अतिक्रमण हटाया गया। सब्जी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि दोबारा रोड़ों और नालियों पर अतिक्रमण पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा लगभग एक माह पूर्व नोटिस भेजी गई थी पर इन्होंने ध्यान नहीं दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने अतिक्रमणकारियों से अपील की कि सब्जी दुकानदारों के लिए बिना किसी जमानत धनराशि के महीना किराये पर एलॉटमेंट कर देने के बाद भी ये नई सब्जी मंडी स्थल पर दुकानें नहीं लगाते। इससे लोगों को असुविधा हो रही है। समाजसेवी सुनील मिश्रा ने बताया कि तुलसीतीर्थ में श्रीरामचरित मानसपीठ के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है लेकिन अतिक्रमण होने से इनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सभी को नगर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखना है। अभियान के दौरान पुत्तीलाल, शिवविजय सिंह, राहुल चौरसिया, मोनू मोदनवाल, पवन तिवारी, अमित सोनी आदि रहे।



अतिक्रमणरोधी अभियान के दौरान लोगों को समझाते उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव।

### उत्तर भारत दर्शन परिषद का अधिवेशन आज से

**चित्रकूट।** भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से 19 मार्च से तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में उत्तर भारत दर्शन परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन और एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की जाएगी। इसका मुख्य विषय 'वैश्विक शांति : चुनौतियां और समाधान' रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च को उद्घाटन सत्र से होगी। इस दिन कई विशेष व्याख्यान भी आयोजित होंगे।

### चित्रों में दिखा परंपरा, आधुनिकता का संगम



**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में चित्रकला प्रदर्शनी में लगे चित्रों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। ख्याति प्राप्त चित्रकार गीता दास और बीनू गुप्ता के चित्र भी यहां दिखे। चित्रों का मूल भाव यह है कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा आज भी आधुनिक विज्ञान और तकनीक की दिशा निर्धारित करने में सक्षम है। • अमृत विचार

# अभिभावकों से संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा बच्चों को परीक्षा में बैठाएं

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** खंड शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भदवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में चल रही वार्षिक परीक्षाओं का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय में अभिभावक द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर का लोकार्पण किया।

सोमवार से प्राथमिक विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। मंगलवार को होने वाली परीक्षा की सुचिता देखने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी मंगलवार दोपहर करीब एक बजे विद्यालय में पहुंचे। जहां उन्होंने परीक्षा व्यवस्था को देखा। बच्चों की उपस्थिति के बारे में पूछने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश रजक ने बताया कि विद्यालय में 107 छात्र पंजीकृत हैं। जिनसे में 95 छात्र परीक्षा दे रहे हैं। जबकि 12 छात्र अनुपस्थित हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से संपर्क कर छात्रों को परीक्षा में बैठाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। विद्यालय में प्रधानाध्यापक समेत स्टॉफ में सहायक अध्यापक नीरज राजपूत, सुनीता देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन द्विवेदी व सहायिका कांति देवी उपस्थित मिले। विद्यालय में कुछ दिन पूर्व अभिभावक नरेंद्र दुबे ने बच्चों को गर्मी के मौसम में शीतल जल प्रदान करने के उद्देश्य से वाटर कूलर लगवाया था। जिसका खंड शिक्षा अधिकारी ने लोकार्पण किया। अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि विद्यालय में आपके ही बच्चे पढ़ते हैं। यहां की व्यवस्थाएं बेहतर करने के लिए यह प्रयास सराहनीय है।



विद्यालय को भेंट किए गए वाटर कूलर के साथ खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

**12** छात्र निरीक्षण के दौरान मिले अनुपस्थित

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्पर्धाएं

**चित्रकूट।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे खेलकूद के दौरान बुधवार को हैंडबाल, बॉक्सिंग, कुश्ती और फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हैंडबाल बालक प्रतियोगिता में विजेता सदर बाजार रहा। हैंडबाल बालिका में विजेता चकौंध, फुटबाल बालक प्रतियोगिता में विजेता स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम रही। बॉक्सिंग बालक प्रतियोगिता 50 केजी भार में प्रथम भानू, बालिका में प्रथम गार्गी, कुश्ती बालक प्रतियोगिता 70 केजी भार में प्रथम योगेंद्र, कुश्ती बालिका प्रतियोगिता 50 केजी भार में प्रथम साधना रहीं। पुरस्कार वितरण पूर्व सांसद आरके पटेल एवं जिला संघ प्रचारक डा लोकेंद्र ने किया। प्रतियोगिता के आयोजन में श्रीकेशन, अंगद सिंह, राजा मिश्रा, श्यामसुंदर, अख्तर हुसैन, हितेंद्र सिंह, आनंद सिंह ने योगदान दिया।

### नवरात्रि आज से, मंदिरों की हुई साफ-सफाई

**कालपी।** पौराणिक नगरी में चैत्र नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। प्रशासन ने नवरात्रि व ईद को लेकर सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किये है। चैत्र नवरात्रि गुरुवार से प्रारंभ होंगी। मां भगवती के उपासकों ने अपने-अपने घरों में घट स्थापना की तैयारियां कर ली हैं। वहीं नगर के देवी मंदिरों में भी साफ सफाई की व्यवस्था तेजी से की जा रही है। नगर का प्रमुख देवी शक्तिपीठ मां वनखण्डी देवी मन्दिर को महन्त जमुना दास महाराज की देखरेख में भव्य तरीके से सजाया गया है तथा भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। वहीं मां पचपिण्डा देवी मन्दिर, आनन्दी देवी मन्दिर, काली देवी मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, फूला देवी मन्दिर, पलिया देवी मन्दिर, शक्ति माता मन्दिर, मुतिया देवी मन्दिर, लडैती देवी मन्दिर, आशा माता मन्दिर समेत नगर के छोटे बड़े मन्दिरों में नवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं तथा गुरुवार की सुबह से देवी भक्तों के गीतों से नगर गूंजेगा। वहीं इस बार प्रशासन ने नवरात्रि के दौरान ईद के त्योहार को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।



माता वनखंडी देवी। अमृत विचार

धर्म-अध्यात्म | श्री रघुवीर मंदिर में नौ दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में चैत्र नवरात्र का उत्सव रामनवमी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दौरान नौ दिवसीय श्रीरामकथा होगी। वृंदावन के मलूक पीठाधीश्वर एवं रेवासा राजस्थान पीठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज कथा सुनाएंगे।

ट्रस्टी इलेश जैन एवं महिला समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन ने बताया कि कथा सुनने और उत्सव में शामिल होने देश के विभिन्न प्रांतों से गुरुभाई बहनों और श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। नौदिवसीय कथा के पूर्व बुधवार को गाजे बाजे हाथी, घोड़े ,बग्घी के साथ मंगल कलश लिए महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। यह प्रार्थना भवन से रघुवीर मंदिर होते हुए विद्याधाम प्रांगण पहुंची। यात्रा की शुरुआत गुरु पूजन के साथ हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफ़त लाल की धर्मपत्नी एवं ट्रस्टी रूपल मफ़त ने गुरुपूजन किया। सायंकाल साढ़े तीन बजे से होगी रामकथा

19 मार्च से 27अप्रैल तक प्रातः सात बजे से श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सुरेंद्र शास्त्री रघुवीर मंदिर में करेंगे। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की कथा विद्याधाम विद्यालय के प्रांगण में अपराह्न साढ़े तीन बजे से साढ़े छह बजे तक प्रतिदिन होगी। उषा जैन ने बताया कि पंचमी की सायं गोधूलि बेला में गोसेवा केंद्र के वार्षिकोत्सव के निमित्त 56 भोग का गो अन्नकूट एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी के दिन प्रातः 11 बजे से मंदिर में बधाई एवं दोपहर ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।




कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

**चित्रकूट।** खादी ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत विकासखंडों के दो दो ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। इसके तहत सीडीओ डीपी पाल ने विकासखंड कर्वी की ग्राम पंचायत अमानपुर ग्राम प्रधान कुसुम निषाद, खोही की भोली देवी, विकासखंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत ओरा के प्रधान फूलचंद, कपना इटौरा प्रधान माया देवी, रामनगर की ग्रामसभा घुनुवा के प्रधान रामसूरत, ग्रामसभा भभेट अंबेडकर कालोनी की प्रधान उषा देवी व विकासखंड मऊ की ग्रामसभा नीही की प्रधान मनभावन, अहिरी प्रधान सीता रानी, मानिकपुर की ग्रामसभा खरौंध के ग्राम प्रधान लवकुश एवं रामपुर तरौंहा के प्रधान मिथिलेश को दो-दो हजार रुपये, एक प्रशस्ति पत्र तथा अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें





भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।

**-रवींद्र नाथ टैगोर**, साहित्यकार

## लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

### प्रसंगवश

## भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्ध्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।



अंजनी निगम
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य






जय प्रकाश पांडेय
लेखक

> दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।


**-भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।

**-टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



## ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

> ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी शृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी शृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी शृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'



रंजन शर्मा
रिटायर अफसर

नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाज़ू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पीरियड लीवः सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्ट्रुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन

टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।



## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन
# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी

आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी

### बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत



आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।

### बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।





### सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

### फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

### नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

### छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



### बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।




## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV-अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या-CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती




- वेतन : 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01 .07 .2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply .gov .in

### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700–69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो .मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




### हिंदी और एआई का संगम

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

### एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

#### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

#### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

#### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

#### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

#### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0


अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

#### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

### एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर

एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।



# पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर मिलेगी ज्यादा एलपीजी

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर सुझाया फार्मूला, 30 प्रतिशत तक दी जाएगी कॉमर्शियल एलपीजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया।

केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है।

- संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा-एलपीजी सीमित, लेकिन पीएनजी आपूर्ति निर्बाध जारी

उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किराये/पट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनर्स्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं।



शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 93 प्रतिशत तक बढ़ गई है लेकिन उपभोक्ता अब भी डीलर के यहां पर कतार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद प्रतीक्षा करें। सिलेंडर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। घबराहट में बुकिंग करने या एलपीजी वितरकों के पास जाने की जरूरत नहीं है। एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए सरकार वाणिज्यिक एवं घरेलू एलपीजी उपयोगकर्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। शहर गैस वितरण कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं और जल्द ''कनेक्शन'' प्रदान कर रही हैं।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारों को शुल्क कम करना चाहिए। शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा 12.63 करोड़ घरेलू ''कनेक्शन'' देने की प्रतिबद्धता के बावजूद अब तक केवल 1.6 करोड़ पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### अधिक एलपीजी का फार्मूला

पाइपलाइन बिछाने के लिए आवेदन करने के 24 घंटे बाद सभी पुराने आवेदनों व नए आवेदनों को स्वत: सीजीडी अनुमति देने वालों को दो प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सीजीडी इकाइयों के लिए ''खुदाई व पुनर्स्थापन योजना'' लागू करते हैं, तो उन्हें एलपीजी की तीन प्रतिशत अतिरिक्त आपूर्ति मिलेगी जिससे वे सड़कों आदि की खुदाई व पुनर्स्थापन स्वयं कर सकेंगे और इस प्रकार पुनर्स्थापन शुल्क समाप्त हो जाएगा। मित्तल ने कहा कि जो राज्य सीजीडी नेटवर्क बिछाने/संचालन के लिए वार्षिक किराया/पट्टा शुल्क को शून्य कर देते हैं, उन्हें चार प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त होगी।

### पेट्रोल-डीजल में आत्मनिर्भर, एटीएफ भी पर्याप्त

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से माल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, भारत ने आपूर्ति को सीमित कर दिया है। इसके अलावा, खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। विमान ईंधन (एटीएफ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

### पड़ोसी देशों से पहले घरेलू ईंधन की आपूर्ति भारत की प्रथम प्राथमिकता

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है।



## बिजनेस ब्रीफ

### गोदरेज ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने हालांकि जमीन की लागत का उल्लेख नहीं किया। कंपनी ने कहा कि कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपये है।

### 24 मार्च को खुलेगा पावरिका का आईपीओ

**नयी दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का 1,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 मार्च को खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 300 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। बयान के अनुसार, आईपीओ 27 मार्च को बंद होगा जबकि बड़े (एंकर) निवेशक 23 मार्च को बोली लगा पाएंगे। पावरिका का शेयर दो अप्रैल को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा।

### एएफएल में 1,500 करोड़ डालेगा एक्सिस बैंक

**नयी दिल्ली।** एक्सिस बैंक अपनी एनबीएफसी इकाई एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) में कारोबार वृद्धि के लिए अगले एक वर्ष में राइट्स इश्यू के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने बुधवार शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल की अधिग्रहण, विनिवेश एवं विलय समिति ने 18 मार्च 2026 को हुई बैठक में 31 मार्च 2027 से पहले एक या अधिक किश्तों में एएफएल में 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि यह निवेश एएफएल के राइट्स इश्यू के जरिये किया जाएगा।

### रक्षा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में अमारा राजा का प्रवेश

**मुंबई।** अमारा राजा डिजाइन अल्फा (एआरडीए) ने मिशन-क्रिटिकल रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। यह अमारा राजा समूह की विशेषीकृत इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कंपनी है। कंपनी के अनुसार, उसने नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए स्वदेशी पावर कंडीशनिंग कैबिनेट (पीसीसी) विकसित किया है। अगले चरण में पावर एम्प्लीफायर, सिग्नल इंटरफेस एवं पावर एम्प्लीफायर कैबिनेट के डिजाइन तैयार करेगी। इससे नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए एक व्यापक स्वदेशी परिवेश तैयार करने में मदद मिलेगी।

## एफएफएफएआई का युद्ध जोखिम अधिभार के खिलाफ सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

एफएफएफएआई ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम 'कवरेज' की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।

# सीसीपीए के जुर्माने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेटा

## कहा-ईमार्केट नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस बोर्ड है फेसबुक

नयी दिल्ली, एजेंसी

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के उस आदेश को बुधवार को चुनौती दी, जिसमें फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी की कथित अनधिकृत बिक्री एवं सूचीबद्धता को लेकर उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के पास फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। मेटा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के विपरीत, फेसबुक कोई ई-मार्केट नहीं है बल्कि केवल एक 'नोटिस बोर्ड' हैं। इसलिए वह सीसीपीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेटा की याचिका को 25 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि आदेश को 'अधिकार क्षेत्र से परे' कैसे माना जा सकता है।




न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि इस मामले पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग क्यों विचार नहीं कर सकता।

मेटा की ओर से पेश रोहतगी ने तर्क दिया कि फेसबुक न तो खरीद-बिक्री का कोई तंत्र उपलब्ध कराता है और न ही उपयोगकर्ताओं से कोई 'कमीशन' लेता है, क्योंकि यह ई-कॉमर्स मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल फेसबुक उपयोगकर्ताओं के लिए एक 'नोटिस बोर्ड' है। हम कोई दुकान नहीं हैं।

कोई व्यावसायिक बिक्री की अनुमति नहीं है। कोई शुल्क नहीं लिया जाता। हम किसी से शुल्क नहीं लेते।'

आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मेटा की याचिका में दावा किया गया कि सीसीपीए ने इस 'अमान्य' आधार पर कार्रवाई करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया कि फेसबुक मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स के लिए कानूनी ढांचे के अधीन और उसके द्वारा शासित है।

### ये था सीसीपीए का आदेश

सीसीपीए ने एक जनवरी 2026 को पारित अपने आदेश में कहा था कि मेटा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उसके नियमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि उसने फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी को बिना अनिवार्य खुलासों के सूचीबद्ध होने दिया।

## शेयर हेरफेर: 8 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना पांच साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12% वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

नियामक ने मंगलवार को पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि साजिश में आपस में जुड़े संगठनों के बीच ट्रेडिंग करना शामिल था जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था।

# शेयर बाजार गुलजार: सेंसेक्स 633 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

मुंबई, एजेंसी



- कच्चे तेल में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान से लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में रही तेजी

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत और जापान का निक्की 2.87 प्रतिशत मजबूत हुए। चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,225.32 करोड़ के शेयर खरीदे।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

# पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू

सरकार ने पैन कार्ड यानि स्थायी खाता संख्या के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद केवल आधार कार्ड के आधार पर पैन कार्ड के लिए आवेदन नहीं हो सकेगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए पैन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम अनिवार्य हो जाएंगे और उसी के अनुसार पैन के लिए आवेदन किया जा सकेगा।




**सिर्फ आधार से नहीं बनेगा पैन कार्ड**

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- जन्म प्रमाण पत्र
- वोटर आईडी
- मैट्रिक प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- शपथ पत्र (अफिडेविट)
- अन्य सरकारी दस्तावेज

### सरकार की अपील

- सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपने पैन से जुड़े काम पूरे कर लें, ताकि बाद में अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत से बचा जा सके।

### ये होंगे बदलाव

- एक अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### फर्जी ईमेल से सावधान रहने की चेतावनी

लोगों को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि 'ई-पैन डाउनलोड' के नाम पर फर्जी ईमेल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे किसी भी लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेन-देन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जबकि आधार 12 अंकों की एक यूनिक पहचान संख्या है, जिसे यूआईडीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

### इन पोर्टल्स के जरिए कर सकते हैं आवेदन

- इनकम टैक्स विभाग का ई-फाइलिंग पोर्टल
- प्रोटियन (पूर्व में NSDL eGov)
- यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL)

### अमेजन पर 'रेडी टू ईट' उत्पादों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के बीच ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन इंडिया ने बुधवार को कहा कि एलपीजी संकट पैदा होने के बाद इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

**एक्शन** | गलत तरीके से बेची थी पॉलिसी, अब 25 हजार ग्राम पंचायतों को मिलेगा 100 प्रतिशत बीमा कवर

# रिलायंस, एसबीआई सहित 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना


नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघनपर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी पांच बड़ी कंपनियों पर करीब आठ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा है कि बीमा कंपनियों की किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इंश्योरेंस रेगुलेटर (आईआरडीएआई) ऐसी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। सीतारमण ने उन गड़बड़ियों की सूची भी बताई जिन पर सरकार की पैनी नजर है-

**बिना सहमति बीमा:** अगर ग्राहक की मर्जी के बिना पॉलिसी थमाई गई, तो जुर्माना लगेगा।

**गलत जानकारी और क्लेम में देरी:** पॉलिसी बेचते समय फीचर्स छिपाना या गुमराह करने वाले दावे करना। साथ ही परिपक्वता यानी मैच्योरिटी क्लेम के निपटारे में देरी या ब्याज न देना भी जांच के दायरे में आएगा।




### 25 हजार गांवों पर फोकस

अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुँचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीए के नए नियमों के अनुसार अब इंश्योरेंस की पहुंच को 'ग्राम पंचायत' के आधार पर मापा जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार 25,000 ग्राम पंचायतों को खास तौर पर चुना गया है, जहां बीमा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार का वास्तविक उद्देश्य है कि गांव-गांव और समाज के हर वर्ग तक 100% बीमा की सुविधा पहुंच सके।

**प्रीमियम का गलत आवंटन:** अगर प्रीमियम के पैसों का हिसाब सही नहीं रखा गया, तो रेगुलेटर एक्शन लेगा।

### 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने

वित्त मंत्री ने देश में स्वास्थ्य बीमा की स्थिति पर लिखित डेटा भी पेश किया। बताया कि 28 फरवरी 2026 तक देशभर में 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। बताया कि 2.51 करोड़ व्यक्तिगत पॉलिसियों के जरिए करीब 6 करोड़ लोग कवर हैं। साथ ही 13.05 लाख ग्रुप पॉलिसियों के तहत 27.51 करोड़ सदस्यों को सुरक्षा मिली हुई है। ईएसआईसी में 14.91 करोड़ लाभार्थी और सीजीएचएस में करीब 43 लाख (पेंशनर्स सहित) लोग कवर हैं।

### किस पर कितना जुर्माना

| वित्त वर्ष 2023-24 | जुर्माना |
| --- | --- |
| रिलायंस जनरल इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| बजाज फाइनेंस | 2 करोड़ |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| एसबीआई लाइफ | एक करोड़ |
| रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस | एक करोड़ |

### सीधे कर सकते हैं शिकायत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता से अपील की कि अगर कोई बीमा कंपनी नियमों का पालन नहीं करती या परेशान करती है, तो चुप न बैठें। लोग सीधे आईआरडीएआई से संपर्क कर सकते हैं या सरकारी शिकायत पोर्टल CPGRAMS का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेगुलेटर सिस्टेमैटिक तरीके से हर शिकायत की जांच करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8:25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर. जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

- दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग

**लंदन, एजेंसी**

फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।

रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए




भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।

## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

# अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।



### मौत का मंजर और चूक के बिंदु

- हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग फंस गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया।
- निकासी मार्ग का अभाव : इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना।
- अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड-डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : यहां 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन पर जेल का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

- सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

- राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय

प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।



# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

- अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

# ऊर्जा संकटः यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

# म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**कर्क** – आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** – आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**तुला** – आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।


**मकर** – आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कुंभ** – आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06.52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04.52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04.05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

# अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## साक्षात्कार

### ईरानी विदेशमंत्री बोले–नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।



### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका-इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

कानपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4-1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

### मंधाना ने 2025 विश्व कप जीत का श्रेय टीम की तैयारी को दिया

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला)' का खिताब जीतकर अपने शानदार सीजन का समापन किया। उन्होंने विश्वकप जीत का श्रेय टीम की मेहनत और तैयारी को दिया। यह साल मंधाना के लिए निजी उपलब्धियों और वैश्विक मंच पर भारत की जीत, दोनों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। उन्होंने व्यक्तिगत सम्मानों के बजाय टीम की सामूहिक सफलता को अधिक महत्व दिया। बीसीसीआई के एक वीडियो में मंधाना ने कहा यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा, क्योंकि मैं टीम के लिए जो कुछ भी कर सकती थी, मैंने किया।



# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु

**गुरुग्राम, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी।

- **पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर**

इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

## आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

**हैदराबाद, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।



सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### चक्रवर्ती और नारायण को ईडन गार्डन्स में अनुकूल पिच मिलनी चाहिए : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में भले ही कुछ खास नहीं रहा हो लेकिन 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह भारतीय रहस्मयी स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस टूर्नामेंट से संन्यास लेने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले डु प्लेसी ने से कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच सुनील नारायण और चक्रवर्ती की गेंदबाजी के अनुकूल होनी चाहिए। डु प्लेसी ने कहा अगर मैं केकेआर टीम प्रबंधन का हिस्सा होता तो मैं ईडन गार्डन्स के मैदानकर्मियों से कहता कि पिच को स्पिन के अनुकूल बनाया जाए। केकेआर खुशकिस्मत है कि उसके पास चक्रवर्ती और नारायण जैसे दो शानदार गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा ये दोनों इस समय टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से हैं। वरुण और नारायण, दोनों का प्रदर्शन असरदार होना जरूरी है। अगर वे ऐसी पिचों पर खेलते हैं जहां वे अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाते तो आप अपने इन दो सबसे बड़े हथियारों और अपनी सबसे बड़ी ताकत को खो देंगे।

### पोंटिंग ने यानसेन के देर से टीम से जुड़ने की दी छूट

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। एजेंसी



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नूनस। एजेंसी

### चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

# भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।


**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया

ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड

ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन

ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन

ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका

ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया

ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

**हॉकी विश्व कप** | नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

# भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की भी संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल D में है।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।

**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व दक्षिण अफ्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।

**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।

पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।

पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।